

6अक्टूबर 2024 को चेन्नई के मरीना बीच पर भारतीय वायु सेना के एयर शो का पहला दिन यह शानदार एयर शो 8 अक्टूबर को मनाई गई IAF की 92वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है।


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्षः29 अंकः154 दिनांकः07-10-2024 सोमवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठः4 वडोदरा M




मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव की प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद का 6 अक्टूबर को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## चेन्नई में एयर शो के दौरान दम घुटने से पांच की मौत,100 लोग अस्पताल में भर्ती

चेन्नई( ईएमएस )।

चेन्नई के मरीना एयर फील्ड में हुए एयर शो के दौरान भारी भीड़ उमड़ी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयर शो के दौरान दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोगों की गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक व्यक्ति की मौत हीट स्ट्रोक के चलते हुई है।

अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने आज तमिलनाडु के चेन्नई मरीना एयरफील्ड में एक एयर एडवेंचर शो का आयोजन किया था। 21 सालों में पहली बार चेन्नई ने वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी की थी। उमस भरी गर्मी के बीच हजारों की संख्या में लोग एयर शो देखने पहुंचे थे। एयर शो में करीब 15 लाख लोगों ने शिरकत की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एयर शो खत्म होने के बाद भीषण गर्मी के चलते कई लोग बेहोश हो गए। इन लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में वी कार्तिकेयन ( 34 ), डी. जॉन ( 56 ), श्रीनिवासन, दिनेश कुमार शामिल हैं। एक व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है। दोपहर को शो खत्म होने के बाद मरीना एयर फील्ड से भारी भीड़ निकली। इसके चलते सड़कें, मेट्रो और रेलवे स्टेशन खचाखच भरे नजर आए।

लोगों का कहना है कि यातायात अधिकारियों की लचर व्यवस्था के चलते लाखों लोगों को मरीना बीच से निकलने में दिक्कत हुई और जगह-जगह लोग जाम में फंस गए। कार्यक्रम स्थल पर पानी की कोई व्यवस्था न होने के चलते भी लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कत हुई और सैकड़ों लोगों की तबीयत खराब हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मरीना एयर फील्ड पर एयर शो के दौरान ही एक महिला की हालत बिगड़ गई। महिला को भीड़ के बीच एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

सुबह 11 बजे से पहले ही उत्साही लोग मरीना बीच पर जमा हो गए थे। इनमें से कई ने छाते से खुद को चिलचिलाती धूप से बचाने की कोशिश की। एयर शो की शुरुआत भारतीय वायुसेना के विशेष गरुड़ बल के कमांडो द्वारा एक कृत्रिम बचाव अभियान और बंधक को मुक्त कराने में अपने साहसिक कौशल का प्रदर्शन करके हुई।

एयर शो के दौरान हुई अव्यवस्था को लेकर ?ंअ?ख के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि भारतीय वायु सेना के 92वीं वर्षगांठ पर चेन्नई में एयर शो का आयोजन किया गया था। इसके लिए पहले ही अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई थी। तमिलनाडु सरकार ने बताया था कि एयर शो को देखने लाखों लोग आएंगे इसलिए परिवहन और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। मगर कार्यक्रम में प्रशासनिक व्यवस्था और यातायात को ठीक से प्रबंधित नहीं किया गया। पुलिस बल भी अपर्याप्त था।

उन्होंने लिखा कि लोग भारी ट्रैफिक में फंसे हुए हैं। पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। वहीं लू लगने के कारण कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि एयर शो में पांच लोगों की मौत हो गई है। इससे मुझे दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। महत्वपूर्ण आयोजन में भी उचित समन्वय स्थापित करने में विफल रहने के लिए मैं अ?ख सरकार की कड़ी निंदा करता हूं। वायु सेना के भारत के विभिन्न शहरों में अब तक कार्यक्रम अच्छे चल रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु में हुई घटना में जान-माल की हानि बहुत दुखद है। इस आयोजन के लिए उचित सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने के लिए एमके स्टालिन सरकार की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

## संयुक्त राष्ट्र बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रहा - विदेश मंत्री एस जयशंकर

नई दिल्ली ( ईएमएस )। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रहा है लेकिन बाजार में जगह घेर रहा है। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में जयशंकर ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र दुनिया के साथ तालमेल बैठाने में नाकाम रहा है जिससे देशों को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैकल्पिक तरीके खोजने पर मजबूर होना पड़ा है।

एस जयशंकर ने कहा, चूंकि यह एक आर्थिक सम्मेलन है, इसलिए मैं आपको एक व्यावसायिक उत्तर देता हूं। संयुक्त राष्ट्र, एक तरह से, एक पुरानी कंपनी की तरह है, जो पूरी तरह से बाजार के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रही है, लेकिन जगह घेर रही है। जब कंपनी दुनिया से पिछड़ जाती है तो स्टार्टअप और इनोवेशन शुरू होते हैं। अलग-अलग लोग, अपनी-अपनी चीजें करना शुरू कर देते हैं।

जयशंकर ने कहा, आखिरकार संयुक्त राष्ट्र तो है, लेकिन यह काम करने में बहुत कमजोर है, हालांकि यह अभी भी एकमात्र बहुपक्षीय खिलाड़ी है। लेकिन जब यह प्रमुख मुद्दों पर आगे नहीं आता है, तो देश अपने-अपने तरीके खोज लेते हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर बोलते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने इसके सीमित योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, संभवतः हमारे जीवन में जो सबसे बड़ी घटना घटी वह कोविड थी। जरा सोचें कि कोविड में संयुक्त राष्ट्र ने क्या किया, मुझे लगता है कि इसका उत्तर बहुत अधिक नहीं है।

विदेश मंत्री ने प्रमुख वैश्विक संघर्षों, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध और चल रहे मध्य-पूर्व संकट पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को लेकर भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा, दुनिया में दो बहुत गंभीर संघर्ष चल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र उन में कहां है? अनिवार्य रूप से एक मूकदर्शक। जैसा कि आपने कोविड के दौरान भी देखा, देशों ने या तो अपने तरीके से काम किया या कोवैक्स जैसी पहल सामने आई, जिसके पीछे देशों का ग्रुप था।

विदेश मंत्री ने कहा, आजकल जब बड़े मुद्दों की बात आती है,तो आप पाएंगे कि देशों के समूह एक साथ आकर कहते हैं कि,आइए इस पर सहमत हो जाएं और इसे करें। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र रहेगा, लेकिन एक गैर-यूएन स्पेस भी तेजी से विकसित हो रहा है, जो एक्टिव स्पेस है।

## 16 माह बाद भी आरबीआई के करेंसी चेस्ट में वापस नहीं पहुंचे

दो हजार के 358 लाख नोट अब भी धन्नासेठों की तिजोरियों में

नई दिल्ली ( ईएमएस )। दो हजार रुपये के 358 लाख नोट ( 7,160 करोड़ रुपये ) अभी धन्नासेठों की तिजोरियों में कैद हैं। चलन पर रोक लगने के 16 महीने बाद भी यह रिजर्व बैंक के करेंसी चेस्ट में वापस नहीं पहुंचे हैं। रिजर्व बैंक की 30 सितंबर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। माना जा रहा है कि इसमें से बड़ा हिस्सा काला धन है, जिसे लोग अपने खातों में दर्शाने से बच रहे हैं। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इस भारी रकम को सफेद करने के रास्ते और मौके ढूंढे जा रहे होंगे।

दो हजार रुपये का नोट अभी लीगल टेंडर हैं लेकिन इसे चलन से बाहर घोषित किया जा चुका है। 9 अटूबर 2023 के बाद से रिजर्व बैंक के सिवाय कोई अन्य बैंक भी इसे बदल नहीं सकता है। रिजर्व बैंक की शाखाओं में गाहे-ब-गाहे लोग गुलाबी नोट बदलवाने पहुंच रहे हैं। पिछले तीन महीने का औसत देखें तो लगभग दो लाख नोट प्रति सप्ताह रिजर्व बैंक तक पहुंच रहे हैं। सितंबर के तीन सप्ताह की विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक पहले हते तक 361 लाख नोट बाजार में थे। जो 20 सितंबर तक 358 लाख बचे। यानि इन तीन सप्ताह में कुल तीन लाख नोट ही वापस लौटे।

आमतौर पर चलन से बाहर होने के बाद कोई भी व्यक्ति या संस्था नोट तत्काल बदलने का प्रयास करती है, लेकिन दो हजार के 358 लाख नोट 16 महीने में भी बाजार से न लौटने पर विशेषज्ञ सवाल उठाते हैं। बैंकिंग विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भ्रष्टाचारियों की तिजोरियों में कालेधन की तस्दीक होती है। ऑल इंडिया बैंक एपलाइज एसोसिएशन के नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी, रजनीश गुप्ता ने कहा कि आखिर इतने नोट अब तक वापस यों नहीं लौटे, यह बड़ा सवाल है। इसके कालाधन होने में कोई संदेह नहीं है। सरकार को शत-प्रतिशत नोट वापसी के लिए प्रयास करने चाहिए। आर्थिक मामलों के वरिष्ठजानकार, धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि दो हजार के 358 लाख नोट बाजार से वापस न आना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। अधिकतम संभावना है कि यह काला धन है। इसे किसी न किसी तरीके से सफेद करने की जुगत ढूंढी जा रही होगी।

आरबीआई रिपोर्ट के अनुसार दो अगस्त तक 370 लाख दो हजारी नोट बाजार में घूम रहे थे। 30 अगस्त को 363 लाख गुलाबी नोटों का इंतजार था। महीने में सात लाख नोट आरबीआई के पास बाजार से लौटकर पहुंचे।

जुलाई में गति सुस्त, लौटे सिर्फ पांच लाख नोट

नोट वापसी की गति जुलाई में धीमी रही। पांच जुलाई तक 377 लाख नोट तिजोरियों में बंद थे। 26 जुलाई तक 372 लाख नोट बाजार में थे। यानी तीन सप्ताह में पांच लाख नोट वापस लौटे। जुलाई से सितंबर के बीच 12 सप्ताह में 19 लाख नोट आरबीआई के पास वापस लौटे हैं।

## अचानक बदला मौसम, पंजाब, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में हुई झमाझम, अलर्ट जारी

नई दिल्ली,( ईएमएस )। पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में देर रात अचानक मौसम बदल गया। तीनों राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके साथ ही लोगों को पिछले दिनों उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पंजाब के कई जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर और कपूरथला के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इसके साथ ही 5 से 15 मिमी बारिश होने की संभावना है। वहीं, तरनतारन, जालंधर, मोगा, फरीदकोट, मुक्तसर और फज्लिका के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों में 20 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और पांच मिमी बारिश हो सकती है। जम्मू और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कुपवाड़ा, डोडा, कठुआ, बारामूला, शोपियां, पुलवामा समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, कांगड़ा, चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर में भी येलो अलर्ट जारी किया है।

## ईरान ने सभी हवाई अड्डों से उड़ानें कीं रद्द, इस्त्राइल के हमले की आशंका के चलते उठाया कदम

इस्त्राइल और हमास के टकराव के साथ शुरू हुआ पश्चिमी एशिया का टकराव लगातार जारी है। इस्त्राइल अब कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। पहले हूती विद्रोहियों की मार और अब हिजबुल्ला के लड़ाकों के साथ हिंसक संघर्ष। ईरान भी इस संघर्ष में शामिल हो चुका है। 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के हमले के साथ शुरू हुई लड़ाई अब लेबनान, ईरान और पश्चिम एशिया के कई इलाकों तक फैल चुकी है।

इस्त्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ उत्तरी कमान के प्रमुख मेजर जनरल उरी गॉर्डिन और डिवीजन कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मोरन ओमर के साथ लेबनान सीमा का दौरा किया। द टाइम्स ऑफ इस्त्राइल के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने यात्रा के दौरान कहा कि एक साल पहले हमें बहुत बड़ा झटका लगा था। पिछले 12 महीनों में हम वास्तविकता को अंत से बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस्त्राइल की सैन्य शक्ति से प्रभावित है। उन्होंने सैनिकों से कहा कि आपने हमारे दुश्मनों पर जो प्रहार किया है, उससे पूरी दुनिया आश्चर्य में है।

ईरान ने इस्त्राइली हमले की आशंका के चलते ईरान के सभी हवाई अड्डों से उड़ानों को रद्द कर दिया है। द टाइम्स ऑफ इस्त्राइल के मुताबिक ईरान के नागरिक उड्डयन संगठन के प्रवक्ता ने बताया कि ईरान के सभी हवाई अड्डों से उड़ानें रविवार रात नौ बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक स्थानीय समयानुसार रद्द कर दी गई हैं। अलजजीरा के मुताबिक तेहरान में तोहिद और रिसालत सुरंगें भी मध्यरात्रि से सुबह 5 बजे तक बंद रहेंगी। बताया जाता है कि ईरान ने यह फैसला इस्त्राइल के हमले की आशंका के चलते लिया है। इससे पहले ईरान के पेट्रोलियम मंत्री मोहसेन पकनेजाद ने देश के सबसे बड़े तेल संयंत्र का दौरा किया। साथ ही आईआरजीसी के शीर्ष सैन्य कमांडर से मुलाकात कर संयंत्र की सुरक्षा पर चर्चा की।

इस्त्राइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि अगर ईरान ने इस्त्राइल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी हालत गाजा या बेरूत जैसी हो सकती है। अलजजीरा के मुताबिक गैलेंट ने एक बयान में कहा कि ईरानियों ने वायु सेना की क्षमताओं को प्रभावित नहीं किया। इस्त्राइल का कोई भी विमान क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। जो कोई भी सोचता है कि हमें नुकसान पहुंचाने का मात्र प्रयास हमें कार्रवाई करने से रोक देगा, उसे गाजा और बेरूत पर एक नजर डालनी चाहिए। गैलेंट ने कहा कि हम रक्षा और आक्रमण दोनों में मजबूत हैं और हम इसे सफल बनाएंगे।

इस्त्राइली हमले में मध्य सीरिया में तीन कारों में विस्फोट हुआ। द टाइम्स ऑफ इस्त्राइल के मुताबिक सीरिया के औद्योगिक शहर होम्स में तीन वाहनों को निशाना बनाया गया। इसमें चिकित्सा और राहत सामग्री ले जा रही गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इस्त्राइल रक्षा बल ( आईडीएफ ) ने दक्षिणी लेबनान के 25 गांवों के लोगों को तुरंत गांव खाली करने का आदेश दिया है। अलजजीरा के मुताबिक सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचार्य अद्राई ने कहा कि लोग गांव खाली कर दें, अन्यथा वे अपनी जान जोखिम में डालेंगे।

## रामलीला के मंच पर राम का किरदार निभा रहे कलाकार को आया अटैक, मौत

नई दिल्ली,( ईएमएस )। दिल्ली के शाहदरा इलाके में रामलीला का मंचन चल रहा था. इसमें भगवान राम का किरदार निभा रहे कलाकार को अचानक सीने में दर्द उठा, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। राम का किरदार सुशील कौशिक ( 45 ) निभा रहा था, जो विश्वकर्मा नगर का रहने वाला था। सुशील पेशे से प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था।

इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें सुशील कौशिक भगवान राम का किरदार निभा रहा है और डायलॉग बोल रहा है। इस दौरान भगवान राम किसी से प्रार्थना कर रहे हैं, लेकिन इसी बीच उनके दिल में दर्द उठता है और वह अपने हाथ दिल पर रख लेते हैं और वह मंच से पीछे चले जाते हैं। आयोजकों ने तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए। पुलिस के मुताबिक, सुशील कौशिक को मंच पर ही हार्ट अटैक आया था जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नरसिंहानंद को गिरफ्तार करने की मांग, पुलिस बल तैनात

गाजियाबाद,( ईएमएस )। डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के बयान पर शुरु हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज देवी मंदिर में हिन्दू संगठनों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में मंदिर के संतों के साथ संगठन प्रतिनिधियों की बैठक होगी। दूसरी ओर, डासना में शुक्रवार रात से तनाव बना हुआ है। पुलिस प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई शुरू करेगी। आज भी कैला भट्ठा, डासना और मसूरी में पुलिस बल तैनात है।

यति के बयान के बाद हुए बवाल के बाद ट्रांस हिंडन जोन और लोनी में भी पुलिस अलर्ट रही। क्विक रेस्पांस टीम का गठन कर तैनात किया गया। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन ने बताया कि जोन में 34 क्यूआरटी बनाई गई हैं। जो क्षेत्र में तैनात है। सभी सहायक पुलिस आयुक्त अपने-अपने सर्किल में भ्रमण कर रहे हैं। थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी क्षेत्र में मुस्तैद हैं। खुफिया विभाग भी सक्रिय है। पल-पल की गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी यति नरसिंहानंद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हापुड़ रोड स्थित पुलिस ऑफिस पर प्रदर्शन किया। पार्टी नेता सतपाल चौधरी ने कहा कि पुलिस ने यदि 48 घंटे में यति नरसिंहानंद को गिरफ्तार नहीं किया तो सड़क पर आंदोलन किया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद को भी गाजियाबाद बुलाने के लिए कार्यकर्ता प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर अर्चना गौतम, कपिल आजाद, मनोज जाटव, अफजल सैफी, पुष्पेंद्र, राहुल छजलाना, एनडी खान, सुशील प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नेपाल में फिर तेज बारिश, बिहार में बढ़ सकता है खतरा

पटना,( ईएमएस )। बिहार के 18 जिलों में बाढ़ ने तांडव मचा दिया है। कोसी, गंडक, बागमती, महानंदा जैसी नदियां उफान पर हैं। हालांकि, अब कुछ जगहों पर जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन मुसीबत और सियासत दोनों ही बढ़ रही है। बिहार सीएम नीतीश कुमार बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे कर रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर जाकर बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दे रहे हैं। वहीं, नेपाल में एक बार फिर से तेज बारिश हो हुई है, इससे बिहार को खतरा पैदा हो गया है। वैसे ही बिहार के लोग अभी बाढ़ की मार झेल रहे हैं लेकिन इसको लेकर प्रशासन सतर्क है।

## आग से 3 बच्चों समेत 7 की मौत

मुंबई ( ईएमएस )। मुंबई के चेंबूर इलाके के सिद्धार्थ कॉलोनी में 3 मंजिला इमारत में आग लग गई। इससे एक ही परिवार के 3 बच्चों समेत 7 लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 5:20 बजे की है। चश्मदीदों ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान आग में भडक़ी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। देखते ही देखते आग ऊपर की मंजिल तक पहुंची, लेकिन वहां रह रहे लोगों को रेस्क्यू नहीं किया जा सका। फयर ब्रिगेड ने करीब 9 बजे तक आग पर काबू पाया, जिसके बाद अंदर फंसे सभी 7 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की पेशी

पटना ( ईएमएस )। जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव सोमवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू केस में कोर्ट में पेश होंगे। ईडी ने इस मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने तीनों को समन भेजा था। यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर भारतीय रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप है।

लालू यादव पटना से एयर इंडिया के विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं तेजस्वी यादव भी पेशी के लिए अपने विदेश दौरे से दिल्ली लौट आए हैं।

इस मामले में तेजप्रताप यादव पहली बार कोर्ट में पेश होंगे। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में आवश्यक जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्यकारी आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय को छिपाने में शामिल थे और इस प्रकार वर्तमान पूरक शिकायत पर तलब किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

ईडी ने लालू प्रसाद यादव पर अपराध से अर्जित आय के अधिग्रहण को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया है।

एजेंसी ने आरोप लगाया कि जब प्रसाद रेल मंत्री थे, तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियां देने के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था।

ईडी ने आरोप लगाया था कि इनमें से कई भूखंड पहले से ही यादव परिवार के पास मौजूद जमीन के पास स्थित थे। इस मामले में सात में से छह भूखंड राबड़ी देवी से जुड़े थे और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किए गए थे।

ईडी ने कहा था कि यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में प्रसाद के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। ईडी के मुताबिक राजद प्रमुख के परिवार या सहयोगियों को हस्तांतरित की गई या तोहफे में दी गई जमीन के बदले ये नियुक्तियां की गईं।

## 2026-27 में 1 लाख अग्निवीर रिटायर होंगे

नई दिल्ली ( ईएमएस )। अग्निवीरों के पहले लॉट से 2026-27 में रिटायर होने वाले जवानों में से 42 प्रतिशत को सरकारी नौकरियों में लिया जाएगा। यह संख्या उन 25 फीसदी अग्निवीरों से अलग हैं, जिन्हें सेना में समायोजित करना है। यानी सेना में समायोजित होने से बचे हुए 75 फीसदी जवान केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में समायोजित होंगे। शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 25 फीसदी से ज्यादा अग्निवीरों को भारतीय वायु सेना में शामिल करने की इच्छा जताई थी।

अग्निवीरों के पहले लॉट का कार्यकाल 2026-27 में पूरा होगा। यह संख्या 1 लाख के करीब है। इनमें 25 हजार सेना में नियमित हो जाएंगे। बाकी 75 हजार अग्निवीरों में 42 फीसदी ( 31500 ) विभिन्न मंत्रालयों में नियमित सेवा में समायोजित होंगे। इनमें अर्ध सैनिक बलों के अलावा अन्य सरकारी मंत्रालयों में समायोजित किए जाएंगे। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है रिटायरमेंट ( 4 साल ) के बाद समायोजन 100 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य है और इसकी शुरुआत 42 फीसदी से होगी।

## आंधी से गिरा जागरण पंडाल, तीन की मौत, 15 घायल

लुधियाना,( ईएमएस )। पंजाब के लुधियाना में शनिवार देर रात आई आंधी से यहां चल रहे माता के जागरण का पंडाल गिर गया। इसमें दबकर तीन भक्तों की मौत हो गई, जबकि करीब 15 लोग घायल हो गए। पंडाल के गिरने से मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ की मूर्ति भी गिर गई और खंडित हो गई।

## मेघालय में बाढ़ से 10 की मौत

नई दिल्ली ( ईएमएस )। मेघालय के साउथ गारो हिल्स जिले में तेज बारिश के बाद आई बाढ़ से 24 घंटे 10 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 7 लोग एक ही परिवार के थे। इसके बाद गसुआपारा में लैंडस्लाइड हुई। वहीं नेपाल में तेज बारिश की वजह से उत्तर प्रदेश के महराजगंज में 20 से ज्यादा गांव में बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे करीब 50 हजार लोग प्रभावित हैं। इन गावों के स्कूल-कॉलेज और सडक़ें भी डूब चुकी हैं। गोरखपुर में भी 29 गांव बाढ़ में डूबे हैं।

उधर, पंजाब के लुधियाना में शनिवार देर रात आई आंधी आने से दुर्गा पंडाल गिर गया। इससे 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग भी घायल हुए हैं। पंडाल के गिरने से मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति खंडित हो गई। आंधी में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की भी सूचना है।

## योगी ने महाकुंभ- 2025 का लोगो लॉन्च किया, बोले

संत नकारात्मक बयानबाजी से बचें

प्रयागराज ( ईएमएस )। महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ- 2025 का लोगो लॉन्च किया। इससे पहले, संगम घाट पर भूमि पूजन किया। फूल और दूध चढ़ाया। लेटे हनुमान मंदिर के भी दर्शन-पूजन किए। परेड ग्राउंड में 34 संत और 13 अखाड़ों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने संतों को सलाह दी कि नकारात्मक बयानबाजी से बचें। हमें यह समझना होगा कि महाकुंभ हमारा है। ये प्रशासन या सरकार का नहीं है।

## कोलकाता में कॉलेज प्रशासन ने 10 डॉक्टरों को किया निष्कासित

-संदीप घोष के हैं करीबी, जूनियरों को फेल करने और धमकी देने का है आरोप

कोलकाता,( ईएमएस )। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के ट्रेनी डॉक्टर से रेप व हत्या मामले में फंसे विवादित प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ चल रही सीबीआई जांच के चलते कॉलेज प्रशासन ने एक अधिसूचना जारी कर दस डॉक्टरों को निष्कासित करने का फैसला लिया है। निष्कासित डॉक्टरों में इंटर्न, हाउस स्टाफ और सीनियर रेजिडेंट शामिल हैं, जो सभी संदीप घोष के करीबी माने जाते हैं।

सीबीआई संदीप के खिलाफ दो मामलों की जांच कर रही है। एक जूनियर डॉक्टर के रेप और हत्या मामले और दूसरा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामले की। इन दस निष्कासित डॉक्टरों में से एक हाउस स्टाफ आशीष पांडे है, जिसे वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में सीबीआई ने हिरासत में लिया है। निष्कासित डॉक्टरों की सूची में आयुषी थापा एकमात्र महिला डॉक्टर हैं, जबकि सौरव पाल, अभिषेक सेन, निरजन बागची, सारिफ हसन, नीलाग्नि देबनाथ, अमरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह और तनवीर अहमद काजी शामिल हैं।

अधिसूचना में आरोप लगाया गया है कि इन डॉक्टरों ने जूनियर छात्रों को परीक्षा में फेल करने, छात्रावास से निकालने की धमकी दी थी। यौन उत्पीड़न और शारीरिक हिंसा की घटनाओं में संलिप्तता दिखाई और कुछ छात्रों को विशेष राजनीतिक दल में शामिल होने के लिए मजबूर किया। अधिसूचना के मुताबिक निष्कासित डॉक्टरों को 72 घंटे के अंदर मेडिकल कॉलेज के छात्रावास खाली करने को कहा गया है। उनके पंजीकरण के कागजात की जांच भी की जाएगी। उचित कार्रवाई के लिए पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल को भेजा जाएगा।

बता दें ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप और हत्या मामले में आंदोलन जारी है। छात्र संगठन, पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने शनिवार को अनोखे विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस प्रदर्शन के तहत वे मरीजों को चिकित्सा सेवाएं देंगे साथ ही आमरण अनशन भी करेंगे। कई मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के छह जूनियर छात्रों ने इस प्रक्रिया में स्वेच्छा से भाग लेने की पेशकश की है और भूख हड़ताल पर हैं।

## आरएसएस चीफ मोहन भागवत बोले

हिंदुओं को जाति, भाषा छोडक़र एकजुट होना चाहिए

जयपुर( ईएमएस )। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर से हिंदुओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय असमानताओं को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। आरएसएस प्रमुख ने बताया कि समाज को कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज का निर्माण होना चाहिए जहां संगठन, सद्भावना और श्रद्धा हो। लोगों में अनुशासन हो। साथ ही देश के प्रति अपने दायित्व को समझे और उद्देश्यों के प्रति समर्पित हो।

आरएसएस चीफ मोहन भागवत राजस्थान में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदू हर किसी को अपना मानते हैं और सभी को गले लगाते हैं। इस दौरान आरएसएस प्रमुख ने 3 हजार 827 स्वयंसेवकों को संबोधित किया। मोहन भागवत ने कहा कि एक समाज केवल व्यक्तियों और उनके परिवारों से नहीं बनता है, बल्कि उन व्यापक चिंताओं पर विचार करने से बनता है। आरएसएस का काम करने का तरीका विचार आधारित है। मोहन भागत ने स्वयंसेवकों से समुदायों के अंदर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज को सशक्त बनाकर समुदाय की कमियों को दूर करने की कोशिश की जानी चाहिए। भागवत ने कहा हमारा ध्यान न्याय,स्वास्थ्य,शिक्षा, और आत्मनि र्भरता पर होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को हमेशा सक्रिय रहना चाहिए और परिवारों में सद्भाव, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशी मूल्यों और नागरिकों की चेतना को बढ़ावा देना चाहिए, जो एक समाज के लिए बुनियादी चीजे हैं।

## 20 साल बाद शोपियां गांव में अर्धनारीश्वर मंदिर में हुई पूजा, मुस्लिमों ने किया स्वागत

श्रीनगर,( ईएमएस )। कश्मीरी पंडितों ने 20 साल बाद उत्तरी कश्मीर के शोपियां जिले के नादिमर्ग गांव में अर्धनारीश्वर मंदिर में पूजा कर मूर्ति की स्थापना की। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मंदिर में दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में हिस्सा लेने उमड़ पड़े। 20 साल के बाद शांतिपूर्ण माहौल में पूजा समारोह आयोजित की गई, जिसमें मुसलमानों ने कश्मीरी पंडितों का जोरदार स्वागत किया, जो पूजा में शामिल होने मंदिर पहुंचे थे।

शोपियां के डीसी मोहम्मद शाहिद सलीम डार ने अर्धनारीश्वर मंदिर का दौरा किया और कहा कि यह अवसर शांति और समृद्धि के युग का प्रतीक है। समारोह में जिला और उपमंडल अधिकारियों के साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं को जरुरी सेवाएं प्रदान करने वाले अन्य विभागों के साथ उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। डीसी डार ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और श्रद्धालुओं से बातचीत की और सामुदायिक भवन या यात्रा भवन की स्थापना व कल्याण संबंधी मुद्दों को सुना। उन्होंने इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## शैलजा विधायकों के मुख्यमंत्री का चयन करने के विचार से सहमत नहीं

नई दिल्ली ( ईएमएस )। हरियाणा में नतीजों से पहले मुख्यमंत्री पद की दौड़ शुरू हो गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और खुद शैलजा ने चुनाव से बहुत पहले ही अपनी महत्वाकांक्षा जनता के सामने जाहिर कर दी थी।

इससे पार्टी में अंदरूनी कलह की स्थिति पैदा हो गई थी। शैलजा विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री का चयन करने के विचार से सहमत नहीं हैं, क्योंकि उनके अनुसार इससे और अधिक गुटबाजी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, आलाकमान को बड़ा फैसला लेना चाहिए।

कुमारी शैलजा ने स्पष्ट कर दिया है कि वे शीर्ष पद की दौड़ में हैं, लेकिन यह पारंपरिक दावा करने के तरीके से नहीं होगा। शैलजा ने एक समाचार चैनल से कहा कि, हर राज्य में गुट होते हैं। यह राजनीति का हिस्सा है। हरियाणा या मेरी पार्टी पर उंगली क्यों उठाई जाए? यह हमेशा से होता रहा है, सिर्फ चुनावों के दौरान नहीं। जमीनी स्तर पर हम सभी ने मिलकर कड़ी मेहनत की है।

उन्होंने इस बात से इनकार किया कि वे राज्य की टॉप पोस्ट के लिए दावा करने को आगे आएंगी। कांग्रेस सांसद ने कहा, मुझे दावा क्यों करना चाहिए? इस मानसिकता से दूर रहें कि लोग दावा करते हैं। हमारे पास वरिष्ठता का एक स्तर है। जो जमीन पर कड़ी मेहनत करते हैं और पार्टी के लिए प्रतिबद्ध हैं, ऐसे लोगों पर विचार किया जाना चाहिए। दावा करने के बारे में क्यों बात होनी चाहिए।

## रेप के आरोपी से नेशनल अवॉर्ड छिना

स्त्री-2 फेम कोरियोग्राफर पर असिस्टेंट का आरोप- 4 साल में कई बार यौन शोषण किया

मुंबई( ईएमएस )। नाबालिग असिस्टेंट से रेप के आरोपी शेख जानी बाशा से बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड छीन लिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

जानी मास्टर के नाम से मशहूर कोरियोग्राफर शेख जानी बाशा को यह अवॉर्ड साल 2022 में रिलीज हुई धनुष की फिल्म 'तिरुचित्रम्बालम' के गाने 'मेघम करुकथा' का डांस कोरियोग्राफ करने के लिए दिया गया था। इस गाने को जानी ने सतीश कृष्णनन के साथ मिलकर कोरियोग्राफ किया था। जानी को स्त्री-2 के गाने आई नहीं और पुष्पा के गाने श्रीवल्ली से फेम मिला था।

# भारतीय शेयर बाजार से जमकर हुई मुनाफा वसूली...पिछले हफ्ते 5 दिनों में भारतीय निवेशकों को 16.5 करोड़ का नुकसान

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर 1992 के हर्षद मेहता घोटाले की याद ताजा कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार से जमकर मुनाफा वसूली हो रही है। पिछले 10 सालों से भारतीय शेयर बाजार बड़ी तेजी के साथ हवा में उड़ रहा था, लेकिन अब शेयर बाजार में मुनाफाखोरी और बिकवाली का दौर शुरू हो गया है। जिसके कारण शेयर बाजार में हडक्रंप मचा हुआ है। पिछले हफ्ते के 5 दिनों में सरकार और वित्तीय संस्थाओं ने शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं, लेकिन कोई भी प्रयास सफल साबित नहीं हो पा रहे हैं।

पिछले 2 साल से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में बड़ा खेल कर रहे थे। यह भारत में शेयर खरीदते थे और चीन के बाजार में जाकर बेचकर भारी मुनाफा कमा रहे थे। चीन की सरकार ने अब अपनी आर्थिक नीति को बदल दिया है। चीन के शेयर बाजार में स्टीम्यूलस पैकेज का ऐलान किया है। इस परिवर्तन से चीन के शेयर मार्केट में काफी तेजी देखने को मिल रही है। चीन के शेयर बाजार में पिछले एक सप्ताह में लगभग 25 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। वहीं भारत में निफ्टी और बीएसई दोनों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। 88000 का अंक छूने के बाद भारतीय शेयर बाजार 81793 पर आकर शुक्रवार को बंद हुआ।

चीन का शेयर बाजार इन दोनों विदेशी निवेशकों का सबसे पसंदीदा बाजार है। चीन के शेयर बाजार से जो निवेश निकालकर उस समय पर जापान भारत दक्षिण कोरिया इंडोनेशिया मलेशिया इत्यादि देशों में निवेश हुआ था। वह इन बाजारों से निकालकर फिर से चीन के शेयर बाजार में निवेश हो रहा है। भारतीय शेयर बाजार से हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद जो अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। उसके कारण भी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से निकालकर अपना निवेश सुरक्षित करना चाहते हैं।

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में पिछले हफ्ते के आखिरी चार दिनों में 32000 करोड़ रुपए से अधिक के शेर बेच दिए हैं। घरेलू बाजार में गिरावट की आशंका बना हुआ है। सरकार सेबी और वित्तीय संस्थानों की निगाहें शेयर बाजार के कारोबार की पल-पल की जानकारी ले रही हैं। इसके बाद भी शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए अभी तक जो प्रयास किए गए हैं वह सब निष्फल साबित हुए हैं।

भारतीय शेयर बाजार से जिस तरह से विदेशी निवेशक रिकॉर्ड बिकवाली कर रहे हैं। उसके बाद से घरेलू निवेशक वित्तीय संस्थाएं भारतीय जीवन बीमा निगम म्युचुअल फंड और बैंकिंग सेक्टर से खरीदारी की जा रही है। उसके बाद भी बाजार को गिरने से रोकने में सफलता नहीं मिली है। पिछले सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को काफी प्रयास करने के बाद भी 900 अंक फिसल गया।इसके बाद म्युचुअल फंड को इस गिरावट को रोकने के लिए अधिक निवेश करने के लिए कहा गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 लाख करोड रुपए का निवेश म्युचुअल फंड करेंगे। शुक्रवार को जिस रफ्तार से निवेश किया जा रहा था, उसी रफ्तार से बिकवाली हो रही थी। मुनाफा वसूली के कारण जो भी पैसा शेयर बाजार में डाला गया वह सब मिनटों में स्वाहा हो गया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में युद्ध की आशंका से कच्चे तेल के दाम लगभग 6 डालर बढ़कर 77 डॉलर पर पहुंच गए है। 1 अक्टूबर को इसराइल पर ईरान के हमले से पहले कच्चे तेल का दाम 70 डॉलर प्रति बेरल थाजो अब 77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अमेरिका रूस ईरान इजराइल के जो बयान सामने आ रहे हैं। उसके बाद युद्ध की आशंका और बढ़ गई है। आर्थिक मंदी को लेकर भी वैश्विक व्यापार में घबराहट देखी जा रही है। आयात और निर्यात दोनों व्यापार प्रभावित हो रहे हैं युद्ध की आशंका को देखते हुए सोने पर निवेश बढ़ने से इसका असर शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है।

2014 के बाद से शेयर बाजार में जो परिवर्तन देखने को मिला है। उसके बाद भारतीय शेयर बाजारों में जिस तरीके से विदेशी निवेश आ रहा था। इस तरह से भारतीय निवेशक भी विदेशों में भारी निवेश कर रहे थे। पहली बार भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली और मुनाफाखोरी घबराहट के साथ देखने को मिल रही है। जिसके कारण भारत की वित्तीय संस्थानों की हालत भी दय से दयनीय होती जा रही है।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थाओं ने बड़े पैमाने पर शेयर बाजार में निवेश किया है। जिस तरह से बाजार में पिछले कुछ वर्षों से निरंतर मुनाफा वसूली हो रही है, उसको देखते हुए अब यह आशंका प्रकट की जा रही है कि भारतीय बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी संस्थाएं आर्थिक संकट के दौर से गुजर सकती है। अभी तक उनकी बैलेंस शीट जो मुनाफा दिख रही है, इसका मुख्य कारण शेयर बाजार से जो आय हो रही थी, उन्होंने वित्तीय संस्थानों की बैलेंस शीट को बहुत अच्छा बना कर रखा था। यदि शेयर बाजार इसी रफ्तार से दो-चार दिन और गिरे तो भारतीय विधि संस्थाओं की हालत भी खराब होते देर नहीं लगेगी जिसके कारण छोटे निवेशकों मैं घबराहट देखने को मिल रही है।

# बाजार में बड़ी गिरावट को क्यों अच्छा बता रहे एक्सपर्ट!

नई दिल्ली (ईएमएस)। शेयर बाजार ने पिछले कारोबारी हफ्ते में बड़ी गिरावट देखी है। 5 दिन में 4100 अंक नीचे आने के बाद सेंसेक्स अभी 81700 के करीब आ गया है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में इस दौरान 16 लाख करोड़ से ज्यादा की गिरावट आई है। ऐसा माना जा रहा है कि अभी ये गिरावट और जारी रह सकती है। ईरान-इजरायल संकट पहले से ही बाजार को नीचे खींच रहे थे और अब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के चुनावों के नतीजे भी इसमें योगदान देने के लिए तैयार बैठे लग रहे हैं। एक तरफ जहां निवेशक आगामी संभावि गिरावट से सहमे बैठे हैं तो वहीं ?विशेषज्ञ इससे बहुत ज्यादा घबराते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल्स के एक अ?धिकारी ने एक इंटरव्यू में ज्यागा करेक्शन को फिलहाल बेहतर बताया। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में अगर बाजार खुद को करेक्ट (गिरावट) करता है तो यह निवेशकों, विशेषकर रिटेल निवेशकों के लिए बेहतर होगा। उनका कहना है कि इससे बाजार अभी के मुकाबले अधिक सुरक्षित हो जाएगा। उनका कहना है कि पहले मार्केट में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिलती थी। बकौल शाह, हर 13-14 महीने में बाजार एक बार औसतन 20 फीसदी से ज्यादा नीचे आ जाता था। उन्होंने कहा कि साल में 2 से 3 बार ये 10 परसेंट करेक्ट होता था। शाह ने कहा ?कि अब बाजार में ये देखने को नहीं मिल रहा है। 2020 से हमने कोई 20 परसेंट की गिरावट नहीं देखी है और केवल 1 बार 10 फीसदी का करेक्शन आया है। हम बाजार में निष्ठा के साथ पैसा लगाने से पहले एक बार 10-20 फीसदी की गिरावट देखना चाहेंगे। ये बाजार को काफी सुरक्षित बना देगा।

# अमेरिका के बाद अमूल अब यूरोपीय बाजार में करेगा प्रवेश

जमशेदपुर (ईएमएस)। अमूल और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा है कि अमूल द्वारा हाल ही में अमेरिका में पेश किया गया दूध बेहद सफल रहा है और अब वह यूरोपीय बाजार में प्रवेश करने ??के ?लिए तैयार है। हाल ही में यहां निजी व्यवसाय प्रबंधान संस्थान एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित 'अमूल मॉडलः लाखों के जीवन में बदलाव' विषय पर 11वें डॉ. वर्गीज कुरियन स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा ?कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है और आगामी वर्षों में दुनिया के कुल दूध उत्पादन का एक-तिहाई भारत में होगा। डेयरी सिर्फ एक कारोबार नहीं है, यह ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है। अमेरिका में अमूल द्वारा हाल ही में पेश किए गए दूध के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद सफल रहा है, और अब वे पहली बार यूरोपीय बाजार में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक बने रहने के लिए अमूल प्रोटीन युक्त, ऑर्गेनिक और रसायन मुक्त उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने अमूल के संस्थापक डॉ. कुरियन द्वारा विकसित परिवेश की सराहना की।

# कार कंपनियां त्योहारी सत्र पर बिक्री में अच्छी वृद्धि की कर रहीं उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र ओणम से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है। किआ इंडिया के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है।

उन्होंने कहा ?कि पिछले कुछ महीनों की दबी मांग और सरकारी निवेश के आने से हमें लगता है कि यहां से चीजें सुधरनी शुरू हो जाएंगी। बरार ने कहा कि सितंबर में बुकिंग की रफ्तार अच्छी रही है और इससे अक्टूबर के लिए अच्छा संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी त्योहार अक्टूबर में हैं। हम अक्टूबर में अपनी बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। बरार ने कहा कि जनवरी-अप्रैल की अवधि में यात्री वाहन उद्योग में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी, लेकिन मई-सितंबर में इसमें लगभग दो-तीन प्रतिशत की गिरावट आई। निसान मोटर इंडिया के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि पूरा उद्योग तीन मुश्किल महीनों के बाद त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा ?कि मुझे लगता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही है। त्योहारी सत्र से तय होगा कि तिमाही कैसी रहेगी। और तिमाही से तय होगा कि साल के शेष महीने कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई त्योहारी सत्र का इंतजार कर रहा है, खासकर उद्योग के लोग। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि कंपनी में ग्राहकों की संख्या और पूछताछ में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारे रणनीतिक परिचालन में सुधार महत्वपूर्ण है। जैसे कि हमने तीसरी पाली शुरू की है। इससे हमारी आपूर्ति क्षमता का महत्तम इस्तेमाल हो रहा है। खासकर बड़ी मांग वाले मॉडल मसलन अर्बन क्रूजर हाइराइडर आदि के मामले में। इसके मामले में प्रतीक्षा अवधि कम हुई है।

# आरबीआई के ब्याज दर और एफआईआई के रुख तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, पश्चिम एशिया के संघर्ष और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी।

बाजार के ?विश्लेषक कहते हैं ?कि घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर रहेगी। एमपीसी की बैठक सात अक्टूबर को शुरू होगी। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा बुधवार यानी नौ अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र टीसीएस के साथ शुरू हो रहा है। घरेलू मोर्चे पर तरलता की स्थिति मजबूत बनी हुई है।

ऐसे में अधिक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों से नकदी का प्रवाह आकर्षक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों की ओर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिंस कीमतें, अमेरिकी डॉलर सूचकांक और अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शोध प्रमुख ने कहा ?कि निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के लिए क्रमशः 26,000 और 85,000 अंक के नए मील के पत्थर कुछ समय के लिए थे, क्योंकि पश्चिम एशिया की वजह से लगे झटकों और विदेशी कोषों द्वारा कुछ कम मूल्यांकन वाले एशियाई बाजारों की ओर रुख करने से बाजार प्रभावित हुआ। इससे बाजार में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच पांच दिन में निवेशकों की पूंजी 16.26 लाख करोड़ रुपये घट गई। बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। सप्ताह के दौरान आरबीआई का ब्याज दर पर निर्णय आना है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आएंगे। साथ ही अमेरिका में फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा, बेरोजगारी आंकड़े और अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी आने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) ने कहा कि निवेशकों की निगाह भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव पर रहेगी। विदेशी कोषों के प्रवाह के अलावा घरेलू प्रवाह भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह एमपीसी की बैठक पर है। इस बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी और जन्माष्टमी के दौरान कंपनी ने बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने अपने मासिक बिक्री विवरण में कहा कि सितंबर के अंत में पंजीकरण में तेजी आई है। यह आगामी त्योहारी सत्र की दृष्टि से अच्छा है।

# ईरानी हमलों का जवाब देना इजराइल का कर्तव्य : नेतन्याहू

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिर ईरान के मिसाइल हमलों का जवाब देने की बात कही है। उन्होंने तेल अवीव में सैन्य मुख्यालय से बोलते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने शहरों और नागरिकों पर इस तरह के हमलों को स्वीकार नहीं करेगा और इजराइल भी ऐसा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इन हमलों का जवाब देना इजराइल न केवल कर्तव्य है, बल्कि अधिकार भी है।

इससे पहले मंगलवार को ईरान ने करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइल इजराइल पर दागे थे। इजराइली डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर मिसाइलों को नष्ट कर दिया था। कुछ मिसाइलें गिरी थीं। ईरानी पत्रकार ने दावा किया था कि इसमें इजराइल को नुकसान हुआ है लेकिन वह छिपा रहा है। हालांकि, कुछ मिसाइलों ने इजरायल में विशेषकर इजराइली एयरबेस को नुकसान पहुंचा था। इजराइली सेना ने कहा कि इस हमले में कोई विमान या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं हुआ है।

नेतन्याहू ने उत्तरी इजराइल के नागरिकों को उनके घरों में वापस भेजने का वादा करते हुए कहा कि करीब एक महीने पहले जैसे ही हम गाजा में हमास के बटालियनों के अंत की ओर बढ़े, हमने उत्तर के लोगों से किया गया वादा पूरा किया। उन्होंने हिजबुल्लाह के नेताओं को खत्म करने का भी दावा किया।

नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने हिजबुल्लाह के मिसाइल और रॉकेट भंडार का एक बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइली सैनिक हिजबुल्लाह की ओर से बनाई गई सुरंगों को नष्ट कर रहे हैं, लेकिन इस कार्य को अभी पूरा नहीं किया गया है। इस बीच नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर भी निशाना साधा, मैक्रों ने इजराइल को हथियार सप्लाई नहीं करने की बात कही थी। नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति को ऐसा बयान देते समय सोचना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि चाहे हथियार मिले या न मिले, इजरायल की जीत तय है।

# इजरायली हमले का करारा जवाब देने की तैयारी में ईरान, विदेश मंत्री की चेतावनी- हमला किया तो पछताना पड़ेगा!

सीजफायर नहीं तो इजरायल पर एक साथ हमला करेंगे इस्लामिक देश

तेल अवीव/गाजा(ईएमएस)। इजरायल पर ईरान के भीषण हवाई हमले के पांच दिन बीत चुके हैं। इजरायली सेना ईरान पर एक बड़े हमले की तैयारी में है। आईडीएफ पूरी ताकत के साथ हमले की योजना बना रहा है, ताकि ईरान को अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाया जा सके। दूसरी तरफ ईरान भी संभावित पलटवार पर कड़ी प्रतिक्रिया की योजना बना रहा है। ईरानी सेना के सूत्रों के अनुसार यदि इजरायल कोई कठोर कदम उठाता है, तो उसे करारा जवाब मिलेगा। अगर इजराइल सीजफायर के लिए तैयार नहीं होता है तो मिडिल ईस्ट के इस्लामिक देश उस पर एक साथ हमला करेंगे। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सीरिया का दौरा किया है। वहां उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि उनके देश पर यदि इजरायल की ओर से हमला होता है, तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इस बार ऐसा पलटवार होगा कि इजरायल को बहुत ज्यादा पछताना होगा। अतीत में पहले भी ऐसा किया जा चुका है। इस बात को इजरायल को भूलना नहीं चाहिए।

सीरिया में ईरान के विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति बशर अल असद से मुलाकात की है। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच लेबनान और गाजा में सीजफायर को लेकर बातचीत हुई। इसके साथ ही इजरायल-ईरान और सीरिया-इजरायल के बीच बढ़ते टकराव को लेकर भी चर्चा हुई। इस बातचीत के बाद ईरान के विदेश मंत्री ने बताया कि लेबनान और गाजा पट्टी में संघर्ष विराम के लिए बातचीत शुरू हो गई है। इसमें शामिल देश एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि इस बातचीत में कौन-कौन देश शामिल हैं।

लेबनान पर दो तरफा हमले जारी

विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि हम गाजा और लेबनान में युद्ध विराम के लिए प्रयास कर रहे हैं। युद्ध विराम की शर्तों को फिलिस्तीनी और लेबनानी पक्षों द्वारा स्वीकार किया जाना चाहिए। जब ऐसा होगा तो ईरान और सीरिया ऐसे कदम का समर्थन करेंगे। हम सकारात्मक परिणाम की उम्मीद करते हैं। उधर, लेबनान पर दो तरफा हमले जारी है। एक तरफ जमीनी ऑपरेशन को कई नए इलाकों में शुरू किया गया तो दूसरी तरफ बेरूत में जबरदस्त हवाई हमले किये गए। इजरायल ने गाजा पर भी दो बड़े हमले किए। पहला बड़ा हमला गाजा की एक मस्जिद पर किया गया, जिसमें 18 लोग मारे गए। इजरायल ने कहा कि वहां हमास के आतंकी छिपे हुए थे। सीजफायर नहीं तो इजरायल पर एक साथ हमला करेंगे इस्लामिक देश दूसरे ताजा हमले में इजरायली लड़ाकू विमानों ने फिलिस्तीन के एक शहर पर बम बरसाए हैं। इस ऑपरेशन में 12हमास आतंकी ढेर किए गए। हिज्बुल्लाह से जुड़ी एक सुरंग को भी तबाह किया है। उत्तरी इजरायल के पास इस सुरंग का पता यदि इजरायल नहीं लगाता तो ये उसके लिए बड़ा खतरा बन सकतीथी। इस सुरंग का अभी इस्तेमाल नहीं हुआ था,लेकिन इसमें हथियारों का जखीरा जमा करलियागया था। 7 अक्टूबर जैसे हमले की तैयारी चल रही थी।

# पश्चिमी देशों को नेतन्याहू की दो टूक, आपके समर्थन के साथ या उसके बिना जीतेंगे

येरूशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की आलोचना की है। मैक्रॉन ने एक रेडियो साक्षात्कार में इजरायल को हथियारों की आपूर्ति रोकने का आह्वान किया था और कहा था कि सभी सभ्य देशों को दृढ़ रहना चाहिए। नेतन्याहू ने इसे शर्मनाक करार दिया। सवाल किया कि क्या उनकी तरह ईरान हिजबुल्लाह, हूती, हमास और उसके सहयोगियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहे हैं? नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैक्रॉन और अन्य पश्चिमी नेता अब इजरायल के खिलाफ हथियार प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं, और जोर देकर कहा कि इजरायल उनके समर्थन के साथ या उसके बिना जीतेगा।उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, लेकिन युद्ध जीतने के बाद भी उनकी शर्मिंदगी लंबे समय तक जारी रहेगी। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल आज सभ्यता के दुश्मनों के खिलाफ सात मोर्चों पर अपना बचाव कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, क्या ईरान हिजबुल्लाह, हूती, हमास और उसके अन्य सहयोगियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहा है? बिल्कुल नहीं। ये सब साथ खड़े हैं। लेकिन जो देश कथित तौर पर इस आतंकी संगठनों का विरोध करते हैं, वे इजरायल पर हथियार प्रतिबंध लगाने का आह्वान करते हैं। नेतन्याहू ने दावा किया कि इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की मिसाइल और रॉकेट क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना सीमा के पास लेबनानी समूह की सुरंग प्रणाली को नष्ट कर रही है। हालांकि खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन हमने संघर्ष का संतुलन बदल दिया है। लगभग एक महीने पहले, जैसे ही हम गाजा में हमास बटालियनों को नष्ट करने के अंत के करीब पहुंचे, हमने उत्तरी इजरायल के निवासियों से किए गए वादे को पूरा करना शुरू कर दिया 23 सितंबर से, इजरायली सेना ने पूरे लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई नागरिक हताहत हुए हैं और कई हजारों से निवासियों को विस्थापित होना पड़ा है। हवाई हमलों में समूह के महासचिव हसन नसरल्लाह सहित प्रमुख हिजबुल्लाह नेताओं को भी निशाना बनाया गया और उनकी हत्या कर दी गई। इसके अलावा, इजरायल ने लेबनान में एक सीमित जमीनी अभियान शुरू किया है।

# यूक्रेन ने रूसी लड़ाकू विमान मार गिराया -रुस ने किया गांव पर कब्जे का दावा

कीव,(ईएमएस)। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि उसने डोनेट्स्क प्रांत के कोस्टियनटिनिव्का शहर के पास एक रूसी लड़ाकू विमान को मार गिराया है। यह विमान एक खेत पर गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। स्थानीय सैन्य प्रशासन प्रमुख सेरही होरबुनोव के मुताबिक, जले हुए विमान की तस्वीरें सामने आई हैं।

वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है, कि उसने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में स्थित जेलेंत्रे डूहे गांव पर कब्जा कर लिया है। यह गांव डोनेट्स्क प्रांत में स्थित है, जिस पर आंशिक रूप से पहले से रूस का नियंत्रण है। रूस ने यह दावा तब किया है जब तीन दिन पहले यूक्रेनी सेना ने वुहलदार शहर से पीछे हटने की जानकारी दी थी। वुहलदार शहर जेलेंत्रे डूहे से लगभग 33 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों ने अभी तक रूस के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। विशेषज्ञों का मानना है कि वुहलदार की हार कीव के लिए एक महत्वपूर्ण झटका हो सकता है, लेकिन इससे युद्ध के व्यापक हालात में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूक्रेन ने रूसी विमान मार गिराने का दावा शनिवार को किया, जबकि रूस ने यूक्रेन के एक गांव पर कब्जा कर लिया है।

# बड़ा झटकाः यूक्रेन युद्ध के बीच रुस ने खुद का हाईटैक ड्रोन किया नष्ट

मॉस्को(ईएमएस)। रुस और यूक्रेन की जंग चल रही है। दोनो ही देश एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। उन्हें अत्याधुनिक हथियार और गोला बारूद की जरूरत है। ऐसे में किसी का हाईटेक ड्रोन नष्ट हो जाए तो बड़ी संकटकारी स्थिति मानी जाती है। कुछ इसी तरह का झटका रुस को लगा है। वजह बहुत स्पष्ट नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि खुद रुस ने अपना अत्याधुनिक ड्रोन नष्ट कर दिया है।रिपोर्ट के मुताबिक एक एडवांस्ड रूसी एस-70 ओखोटनिक (हंटर) ड्रोन यूक्रेन में तबाह कर दिया गया। घटना शनिवार की बताई जा रही है। लेकिन सबसे ज्यादा शर्मनाक बात ये है कि इस ड्रोन को यूक्रेन ने नहीं बल्कि रूस के ही एसयू-57 जेट ने मार गिराया। मलबे के विश्लेषण से पता चला यह रूस की अगली पीढ़ी के स्टील्थ ड्रोन का था।

कई चैनलों की ओर से बताया गया कि गलती से रूस ने ही इसे तबाह कर दिया। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि यूक्रेनी सेना के हमले में ड्रोन गिरा। लेकिन यूक्रेन की सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह रूस की गलती से ही गिरा है। बताया गया कि यह किसी जेट का नहीं बल्कि एक ड्रोन का मलबा है। क्रैश साइट से ली गई तस्वीरों में लाल सितारे वाला प्रतीक दिख रहा है। यह बताता है कि गिरने वाला एयरक्राफ्ट हंटर ड्रोन है। रूस की युद्ध क्षमताओं में यह महत्वपूर्ण है।इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें आसमान में दो सफेद रेखा दिख रही है जो विमान और ड्रोन के इंजन से निकलने वाला धुआं है। ड्रोन आगे तो जेट पीछे दिख रहा है। तभी पीछे वाले धुएं से एक नई सफेद लाइन बनती हुई दिखती है, जो मिसाइल लॉन्च का संकेत देती है। यह सीधे जाकर ड्रोन को हिट करता है, जिससे आसमान में एक धमाका होता है। दावे के मुताबिक यह घटना फ्रंटलाइन के करीब एक परीक्षण उड़ान के दौरान हुई। तब ऑपरेटरों ने इस पर कंट्रोल खो दिया। इस डर से कि यह यूक्रेनी सेना के हाथ न लग जाए, रूसी कमांडरों ने कथित तौर पर इसे तबाह करने का आदेश दिया।

# हेलेन तूफान से मरने वालों की संख्या 227 पहुंची

वाशिंग्टन(ईएमएस)। अमेरिका में आए हेलेन तूफान से खासी तबाही हुई है, वहीं इसके प्रभाव से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर शनिवार को 227 हो गई। इस तूफान का सबसे ज्यादा असर अमेरिका के दक्षिण-पूर्व में देखा गया, जबकि छह राज्यों में अनेक लोगों की मौत हो गई।

अमेरिका में आए हेलेन तूफान के कारण चहुंओर तबाही का मंजर देखने में आया है। इस तूफान के कारण मरे गए लोगों के शवों को तलाशने और निकालने का कार्य एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जारी है। बताते चलें कि तूफान 'हेलेन' 26 सितंबर को तट पर आया था। इसके बाद तूफान फ्लोरिडा से उत्तर की ओर बढ़ गया था, जहां पर व्यापक पैमाने पर विनाश हुआ है। तूफान के कारण हुई भीषण वर्षा में अनेक मकान या तो ढह गए या फिर पानी के साथ बह गए।

# चीनी हैकर्स ने अमेरिकी टेलीकॉम कंपनियों के डेटा में लगाई सेंध

वॉशिंगटन(ईएमएस)। चीनी हैकर्स ने कई अमेरिकी दूरसंचार कंपनियों में सेंध लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ महीनों के अंदर ऐसा किया गया है। अमेरिकी जांचकर्ताओं को संदेह है कि इन हैकर्स ने वायरटेप वारंट रिक्वेस्ट्स की एक्सेस हासिल की है। साइबर सेंधमारी की इस खबर ने अमेरिकी अधिकारियों के होश उड़ा दिए हैं। हैकर्स ने जिस तरह से सेंधमारी को अंजाम दिया है, उसने राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता को बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि चीन और अमेरिका के बीच साइबर जासूसी के मामलों को लेकर पहले ही काफी तनाव है। ऐसे में यह नई जानकारी सामने आने के बाद अमेरिका की परेशानी और बढ़नी तय है। अमेरिका स्थित चीनी दूतावास ने कहा है कि उनके देश के हैकर इसमें शामिल नहीं हैं। दूतावास के प्रवक्ता लीयू पेंग्यू ने हैकिंग से जुड़े आरोपों को तथ्यहीन बताया। साथ ही अमेरिका पर साइबर सिक्योरिटी के मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। फिलहाल इस मामले की जानकारी अमेरिकी कांग्रेस को भी दी जा चुकी है। दोनों हाउस और सीनेट की कमेटियों को हैकिंग कैंपेन से जुड़ी सभी अपडेट्स मुहैया कराई जा रही हैं।

एटी एंड टी और लूमेन ने वर्तमान जांच को लेकर किसी भी तरह की टिप्पणी से इनकार किया है। उधर तमाम बड़ी अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां मामले को लेकर जांच में जुटी हुई हैं। इनमें न्याय विभाग और एफबीआई शामिल है। इन सभी ने भी अपने होंठ सिल रखे हैं और किसी तरह का आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हालांकि कितना नुकसान हुआ है और कितनी सूचनाएं चोरी हुई हैं, यह अभी जांच का विषय है। हैकर्स ने अमेरिका के बड़े ब्रॉडबैंड और इंटरनेट सर्विसेज को निशाना बनाया है। इसमें एटी एंड टी, वेरिजोन और लूमेन जैसे नाम शामिल हैं। अमेरिकी टेलीकॉम इंडस्ट्री में यह सभी बड़े नाम हैं। वहीं, अमेरिका स्थित चीनी दूतावास ने ऐसी किसी बात से इनकार किया है।अमेरिकी दूरसंचार उद्योग देश के इंटरनेट और फोन संचार की रीढ़ है। इसके चलते यह अक्सर सरकारी हैकर्स के निशाने पर रहता है। इन दूरसंचार कंपनियों के पास बड़ी मात्रा में कॉलर और यूजर्स का डेटा होता है। अमेरिकी कानूनी एजेंसियां भी अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा जांच के दौरान इस डेटा का इस्तेमाल करती हैं।मामले की जांच के लिए साइबर सिक्योरिटी के अहम खिलाड़ियों, माइक्रोसॉफ्ट और मैंडियंट को भी शामिल किया गया है। जांच में मौजूद करीबी सूत्रों ने हैकिंग समूह के बारे में कुछ जानकारियां दी हैं। इसके मुताबिक इस हैकिंग ग्रुप को साइबर सिक्योरिटी की सर्किल में साल्ट टाइफून के रूप में जाना जाता है। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने तो यहां तक कहा है कि चीनी सरकार के सहयोग से हैकर्स एफबीआई कर्मियों को भी निशाना बना रहे हैं।आरोप है कि एक चीनी हैकिंग ग्रुप ने अमेरिकी ट्रांसपोर्टेशन और कम्यूनिकेशन नेटवर्क में घुसपैठ की है। अगर ताइवान में चीनी सेना के हमले पर अमेरिकी किसी तरह का रिस्पांस करता है तो यह हैकर्स उसे नाकाम कर देंगे। चीन ने पिछले साल भी ऐसी ही हैकिंग को अंजाम दिया था।

# जयशंकर को इमरान खान ने दिया न्यौता, पाकिस्तान में मचा हड़कंप

इस्लामाबाद(ईएमएस)। भारत के विदेश मंत्री का नाम पाकिस्तान में गूंज रहा है। हर एक राजनैतक दल में जयशंकर के नाम की चर्चा है। इसी बीच वहां के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हे न्यौता देकर आग में घी का काम कर दिया है। दरअसलएस जयशंकर इस महीने की 15-16तारीखकोपाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोगसंगठन(एससीओ) के शासना ध्यक्ष परिषद की बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्रीइमरानखानकी पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई)नेजयशंकर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का व्यंग्यात्मक निमंत्रण दिया है, जिससे वहां की सत्तारूढ़ सरकार नाराज हो गई है।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इस मुद्दे पर कहा कि जयशंकर को निमंत्रण पीटीआई की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। इन सभी तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद, सैफ ने स्पष्ट किया कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता अताउल्लाह तरार और सिंध प्रांत के सूचना मंत्री सरजील मेमन ने इस निमंत्रण पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। तरार ने कहा कि यह बेहद गैरजिम्मेदाराना है और पाकिस्तान की शत्रुता को दर्शाता है। वहीं, मेमन ने इसे पीटीआई की देश विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया और आरोप लगाया कि पीटीआई एससीओ सम्मेलन को विफल करने की कोशिश कर रही है।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार, मुहम्मद अली सैफ, ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि पीटीआई जयशंकर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकती है।

# मिडिल ईस्ट में जंग से तालिबान की चांदी, अफगानिस्तान को हो रहा मुनाफा

- कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स को अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर गुजारना पड़ रहा है

काबुल (ईएमएस)। ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बीच तालिबान की मौज हो गई है। अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाले तालिबान को मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के कारण अप्रत्याशित तरीके से भारी मुनाफा हो रहा है। इस समय कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स को मिडिल ईस्ट के अस्थिर हालात के कारण अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर गुजारना पड़ रहा है। इसके कारण अफगानिस्तान जमकर डॉलर कूट रहा है। हाल ही में, ईरान ने 200 मिसाइलों से इजरायल पर एक साथ हमला किया था, जिसके बाद इजरायल के जवाबी हमले की आशंका बढ़ गई। इस जंग के चलते, कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स को ईरान और इजरायल के हवाई क्षेत्र से डायवर्ट कर दिया गया है। इसके चलते फ्लाइट्स अफगानिस्तान के आसमान से होकर गुजर रही हैं। अफगानिस्तान की सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के मुताबिक हर फ्लाइट से 700 डॉलर का चार्ज लिया जा रहा है, जिससे अफगानिस्तान का रेवेन्यू काफी बढ़ रहा है। हाल ही में रिकॉर्ड 191 फ्लाइट्स अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजरीं, जिससे तालिबान को अच्छी-खासी कमाई हुई है। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से अफगानिस्तान का हवाई क्षेत्र लगभग बंद हो गया था। हालांकि, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने तालिबान को एक नई आर्थिक संजीवनी दी है। यह स्थिति पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुई थी, जब हमास ने इजरायल पर हमला कर 1200 से अधिक लोगों की जान ले ली थी। इसके बाद से मिडिल ईस्ट में युद्ध का माहौल बन गया और अफगानिस्तान के आसमान में फ्लाइट्स की संख्या में तेजी से वृद्धि होने लगी। बताया जा रहा है ?कि 19 से 30 सितंबर के बीच प्रतिदिन औसतन 147 इंटरनेशनल फ्लाइट्स अफगान हवाई क्षेत्र से होकर गुजरीं। इस अप्रत्याशित बदलाव से कंगाल अफगानिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, और तालिबान को इससे बड़ा आर्थिक लाभ मिल रहा है।

# ईरान के पास कौन से हथियार जो इजराइल के लिए चुनौती

तेहरान (ईएमएस)। मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है। ईरान ने इजरायल पर बड़ा हमला किया था। इसके बाद यहूदी राष्ट्र ने भी बदला लेने की शपथ ली है। इसके बाद आशंका है कि इन दोनों देशों के बीच यदि युद्ध छिड़ता है, तब यह एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष का रूप ले लेगा जोकि पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है। इस बीच सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या इजरायल ईरान से कमजोर पड़ रहा है? ईरान कितना ताकतवर है? ईरान के हमलों के बाद क्या इजरायल चुप बैठेगा? क्या ये हमला हिज्बुल्लाह संगठन प्रमुख नसरुल्लाह की मौत का बदला है?

ईरान की एजेंसी ने कहा था कि ईरान के 90 प्रतिशत हमले सफल हुए हैं और निशाने पर लगे हैं। इस बीच जानते हैं कि ईरान के पास कौन से ताकतवर हथियार हैं जो इजरायल के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के पास कई ताकतवर हथियार हैं, जिसमें अबू महदी मिसाइल, फतह हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल, मुहाजिर-10 ड्रोन, सेवोम खोरदाद और सैय्यद बख्तरबंद लड़ाकू वाहन शामिल है। ईरान के ये हथियार इजरायल के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। ईरान की अबू महदी मिसाइल समुद्र, जमीन और हवा से लांच की जा सकती है। इस मिसाइल की रेंज एक हजार किमी से अधिक है। यह मिसाइल कई गति सीमाओं पर उड़ान भर सकती है। वहीं ईरान की 1400 किमी रेंज वाली फतह-1 हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल 13 से 15 मैक तक की रफ्तार पकड़ सकती है। ये मिसाइल उड़ान में पैंतरेबाजी कर सकती है।

इसके साथ ईरान के पास मुहाजिर-10 ड्रोन है जो 24 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है। इसकी रेंज दो हजार किमी है। यह 210 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। इतना ही नहीं यह ड्रोन तीन हजार किलोग्राम तक का वॉरहेड ले जा सकता है और सात हजार मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। सेवोम खोरदाद, ईरान की एक मध्यम दूरी की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक साथ 350 किमी तक की दूरी पर 100 लक्ष्यों को ट्रैक करके उनमें से चार को निशाना बना सकता है। ईरान ने अपने एयर डिफेंस की ताकत जून 2019 को अमेरिका को दिखाई थी।

साथ ही ईरान पर सैय्यद एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन है। इस लड़ाकू वाहन को इसतरह से डिजाइन किया गया कि युद्ध के मैदान में दुश्मनों के खिलाफ प्रभावी ढंग से लड़ा जा सके। इसका उद्देश्य सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दुश्मन पर प्रभावी हमला करना है, इस उच्च सुरक्षा और फायरपावर के साथ विकसित किया गया है। बता दें कि ईरान के पास ताकतवर हथियार हैं जो उसे एक महत्वपूर्ण सैन्य शक्ति बनाती हैं। लेकिन इजरायल भी अपनी सुरक्षा के लिए तत्पर रहता है। इजरायल के पास भी आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग और अन्य मिसाइल रक्षा प्रणालियां हैं, जो उसे संभावित हवाई हमलों से बचाने में मदद करती हैं।

# राज्य सरकार ने घोषणा की कि 2005 से पहले के कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ मिलेगा

गांधीनगर,6 अक्टूबर

आज ( 6 अक्टूबर 2024 ) मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में गांधीनगर स्थित सचिवालय में कैबिनेट बैठक हुई. जिसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए बड़े फैसले लिए गए हैं. कैबिनेट बैठक के बाद प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेष पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. जिसमें जगदीश वर्मा व बच्चू खाबड़ उपस्थित थे. जिसमें उन्होंने कैबिनेट के अहम फैसलों का ऐलान किया है. राज्य सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई है कि वर्ष 2005 से पहले निश्चित वेतन पर भर्ती हुए राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ( ओपीएस ) का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने 60,254 कर्मचारियों को सीधा लाभ देने का फैसला किया है. इसके अलावा कर्मचारियों को अब 7वें वेतन आयोग का लाभ भी मिलेगा. राज्य सरकार के प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेष पटेल ने इस बात की जानकारी दी है.

प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेष पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज ( रविवार ) मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने एक फैसला लिया है. जिसमें गुजरात सरकार ने राज्य सरकार के विभिन्न कर्मचारी संगठनों की प्रस्तुतियां सुनीं. यह फैसला सीधे तौर पर 60,254 कर्मचारियों को फायदा पहुंचाने के लिए लिया गया है. ऐसे कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ( ओपीएस ) का लाभ देने का निर्णय लिया गया है जिनकी नियुक्ति बाद में हुई और उन्हें स्थायी कर दिया गया, हालांकि 01-04-2005 को सेवा में शामिल होने वाले लोग पांच साल तक लाभ के हकदार नहीं हैं। इसका लाभ उन्हें मिलेगा जो नियमित रूप से नियुक्त हो चुके हैं या नियुक्ति की प्रक्रिया में हैं। इन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा. उन्हें 7वें वेतन आयोग के अनुसार उच्च यात्रा भत्ता दिया जाएगा। स्वीकृत मुद्दों से सरकार पर तत्काल प्रभाव से 200 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। अब जो मुद्दे बाकी हैं उन पर आगे अध्ययन करना बाकी है, उन पर कमेटी को बैठकर जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया गया है. ऋषिकेष पटेल ने कहा कि इसका बोझ अभी तय नहीं हुआ है लेकिन सरकार जल्द ही सर्कुलर जारी करेगी. फिक्स्ड पे के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि फिक्स्ड पे का मामला कोर्ट में है, फैसले के बाद सरकार कार्रवाई करेगी.

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में गांधीनगर में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्णनिर्णय लिये गये हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेष पटेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन फैसलों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के सकारात्मक समाधान के लिए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा मंत्रिमंडल सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया था. स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा मंत्री ऋषिकेष पटेल, सहकारिता राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा और पंचायत राज्य मंत्री बच्चू खाबड़ की एक समिति ने कार्मिक बोर्ड के पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठकें कीं, जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। आज सौहार्दपूर्ण ढंग से समझौता हो गया और ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उन्होंने कहा कि आगे बताया गया कि जो कर्मचारी 01/04/2005 के पूर्व नियत वेतन पर नियुक्त हुए थे, उन्हें नियुक्ति आदेश की शर्तों के अनुसार नियत वेतन सेवा, पेंशन लाभ एवं अन्य लाभ की पात्रता नहीं होगी। इस संबंध में उन कर्मचारियों ने लिखित प्रतिबद्धता भी दी. हालाँकि, राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हित में सहानुभूतिपूर्वक राज्य के 60 हजार से अधिक ऐसे कर्मचारियों को ये लाभ प्रदान करने को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार में विभिन्न संवर्गों के अधिकारी-कर्मचारी जो नई पेंशन योजना लागू होने की तिथि 01/04/2005 के पूर्व निर्धारित वेतन पर नियुक्त किये गये थे तथा उनकी नियमित नियुक्ति दिनांक 01/04/2005 को की गयी थी। 01/04/2005 को या उसके बाद भर्ती प्रक्रिया 01/04/2005 से पहले पूरी हो चुकी है लेकिन प्रशासनिक कारणों से उनकी नियुक्ति दिनांक 01/04/2005 को हुई। विभिन्न कर्मचारी निकायों द्वारा 01/04/2005 के बाद लगभग 60,245 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना स्वीकार करने का एकमुश्त विकल्प प्रस्तावित किया गया है। जिसे सैद्धांतिक तौर पर स्वीकार कर लिया गया है.

इसके अलावा,ऋषिकेष पटेल ने कहा कि सातवें वेतन आयोग के अनुसार उच्च स्थानांतरण यात्रा भत्ता और सेवानिवृत्ति की आयु पर उच्च यात्रा भत्ता लागू करने के लिए कर्मचारी संघों द्वारा अभ्यावेदन दिया गया था। इसके अलावा, राज्य सरकार को सातवें वेतन आयोग के अनुसार दिए जाने वाले चार्ज भत्ते, जो वर्तमान में मूल वेतन का5या 10प्रतिशत है, यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते की संशोधित दरों और सेवानिवृत्ति की आयु की राशि में वृद्धि के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए।

# पीएम वायु सेना के विमान निर्माण परिसर के पूरा होने के करीब के निर्माण का उद्घाटन करेंगे

वडोदरा,6 अक्टूबर

टाटा और एयरबस द्वारा वायु सेना के लिए परिवहन विमान बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना का काम वडोदरा में जोरों से चल रहा है और परिवहन विमान बनाने के लिए विमान परिसर बनने की कगार पर है और इस पर चर्चा शुरू हो गई है करीब एक महीने में नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे.

जानकारी के मुताबिक न्यू वीआईपी रोड से एयरपोर्ट के पीछे विमान परिसर तक जाने के लिए सड़क तैयार कर ली गई है, आज निगम की टीमों ने सड़क को समतल करने और आसपास की झाड़ियों को हटाने का काम शुरू कर दिया है यह भी कहा जा रहा है कि राज्य के मुख्य सचिव अश्विनीकुमार भी कल रविवार को यहां का दौरा करेंगे.

चर्चाओं ने भी जोर पकड़ लिया है कि विमान परिसर का उद्घाटन पीएम मोदी अगले महीने या संभवतः दिवाली उत्सव के दौरान कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारतीय वायु सेना ने 56 सी-295 खरीदने के लिए एयरबस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं परिवहन विमान। टाटा समूह की कंपनियों के सहयोग से वडोदरा के विमान परिसर में 40 विमानों का निर्माण किया जाएगा। यह परिसर हर साल 12 विमानों का उत्पादन करने में सक्षम होगा।

इस कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास अक्टूबर 2022 में पीएम मोदी के हाथों हुआ था. इसके बाद नवंबर महीने से इसका काम जोरों पर शुरू होने की संभावना है.

# वडोदरा में सगीरा के साथ 3 लोगों ने किया रेप, मेडिकल रिपोर्ट में खुलासा, आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर

वड़ोदरा ,6 अक्टूबर

गुलबंगों के बीच वड़ोदरा में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई, जहां बेटियां नवरात्रि के दौरान बिना किसी चिंता के देर रात तक गरबा खेल सकती हैं। घटना को लेकर नेता सार्वजनिक रूप से भावुक हैं, लेकिन आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं. उधर, नाबालिग पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट आई जिसमें खुलासा हुआ कि नाबालिग के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था.

वडोदरा के भायली में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार सगीरा का गोत्री अस्पताल में ईएनटी, सर्जरी और गायनी विभाग के डॉक्टरों ने मेडिकल चेकअप किया। दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक पीड़िता की मेडिकल जांच केबाद कुछ खुलासे हुए. जिसमें प्राथमिक स्तर पर पता चला है कि तीन लोगों ने दुष्कर्म किया है।

सगीरा वडोदरा शहर के पास भायली गांव के बाहरी इलाके में एक सुनसान इलाके में सड़क पर एक डिवाइडर के पास अपना स्कूटर पार्क करने के बाद अपने दोस्त के साथ बैठी थी। उसी समय वहां से गुजर रहे आरोपियों ने 11वीं कक्षा की विज्ञान छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और भाग निकले। सगीरा पहले अपनी सहेली के साथ घटनास्थल पर गयी थी. सगीरा इससे पहले भी अपनी सहेली के साथ अलग-अलग समय पर 7 बार भायली क्षेत्र में आ चुकी है। लेकिन यह आखिरी मुलाकात उन्हें जीवन भर का दर्द दे गई।

रेप की घटना के बाद जहां वडोदरा शहर और जिला पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, वहीं घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है. पुलिस कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है. पुलिस की ओर से रात में सघन वाहन चेकिंग की गई और नाकेबंदी भी की गई. इस बीच, निर्जन स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गयी है.

# भोपाल जीआईडीसी में 1819 करोड़ की अवैध दवाएं जब्त की गईं

अहमदाबाद,6 अक्टूबर

गुजरात एटीएस के अधिकारियों ने शनिवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की दिल्ली यूनिट के साथ भोपाल जीआईडीसी में छापा मारा और एमडी ड्रग्स फैक्ट्री से 1819 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स जब्त की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गुजरात एटीएस अधिकारी को मिली खास जानकारी. जिसके आधार पर करीब डेढ़ महीने तक सर्विलांस के जरिये पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया गया. गुजरात एटीएस ने इस संबंध में आगे की जांच शुरू कर दी है। भोपाल जीआईडीसी 2 में 1819 करोड़ रुपये की मात्रा में ड्रग्स जब्त किया गया है

आतंकवाद निरोधी दस्ते गुजरात के डीवाईएसपी एसएल चौधरी को विशेष जानकारी मिली कि अमित चतुर्वेदी और सन्यास बाने भोपाल में बगरोदा जीआईडीसी में स्थित एक दवा निर्माण इकाई की आड़ में बड़ी मात्रा में मेफेड्रोन ( एमडी ) दवाओं का निर्माण कर रहे थे। सूचना के आधार पर दिल्ली एनसीबी की टीम ने शनिवार को छापेमारी की. अमित चतुर्वेदी ( निवासी कोटरा, सुल्तानाबाद रोड, भोपाल ) और सान्याल प्रकाश बाने ( निवासी प्रभु अटलांटिस, नासिक ) के अलावा पांच कर्मचारी मिले।

जांच के दौरान अधिकारियों को एमडी ड्रग्स तैयार करने की सामग्री और 907 किलोग्राम एमडी ड्रग्स मिलीं. जो तरल और ठोस रूप में था. इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 1819 करोड़ रुपये थी. इस संबंध में एटीएस के डीआइजी सुनील जोशी ने कहा कि सान्याल बाने को 2017 में अंबोली पुलिस स्टेशन की सीमा से बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा गया था. जिस मामले में उन्हें पांच साल की सजा सुनाई गई थी.

भोपाल जीआईडीसी ने 1819 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त कीं 3- छवि जेल से रिहा होने के बाद, उन्होंने दवा फैक्ट्री की आड़ में एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री शुरू करने के लिए अमित चतुर्वेदी के साथ सात महीने पहले 2500 वर्ग मीटर जगह के साथ एक शेड किराए पर लिया। और चार महीने पहले ही बड़ी मात्रा में एमडी दवाओं को खरीदकर उनके लिए कच्चा माल तैयार करना शुरू कर दिया गया था. जिसकी क्षमता एक हफ्ते में 50 किलो तक ड्रग्स तैयार करने की थी. शुरुआती जांच में पता चला है किउसने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कई ड्रग माफियाओं को कई चरणों में बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स की सप्लाई की है. फिर एटीएस के अधिकारी इस पूरे मामले में आगे की जांच में जुट गए हैं.

गुजरात एटीएस के अधिकारियों ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर न सिर्फ गुजरात बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी एमडी ड्रग्स फैक्ट्रियों पर छापेमारी की. जिसमें पिछले छह महीने में सात फैक्ट्रियों में पांच हजार करोड़ से ज्यादा की एमडी ड्रग्स जब्त की गईं. गुजरात एटीएस की टीम ने गांधीनगर, अमरेली, अहमदाबाद, भिंड, जोधपुर, नासिक और भोपाल से इन फैक्ट्रियों पर छापा मारा। जिसमें भोपाल में मिली फैक्ट्री सबसे बड़ी है.

सान्याल बाने और अमित चतुर्वेदी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि सान्याल को एमडी नेटवर्क की जानकारी थी। इसलिए माफिया से निपटने के लिए तैयार दवाओं की आपूर्ति से लेकर कच्चे माल की बिक्री तक की जिम्मेदारी उस पर थी। जबकि अमित चतुर्वेदी एमडी को ड्रग्स तैयार करने में महारत हासिल थी. इसलिए सान्याल जेल से छूट गया और अमित के साथ पार्टनर बनकर ड्रग का कारोबार शुरू कर दिया।

एटीएस और एनसीबी ने फैक्ट्री से 907 किलो एमडी ड्रग्स के साथ पांच हजार किलो कच्चा माल भी जब्त किया. इसमें400किलोग्रामब्रोमो मिथाइल प्रोपियोफेनोन,1800किलोग्राम मोनो मिथाइलएमाइन,1000किलोग्राम एसाटोन, 800 किलोग्राम टोल्यूनि, 800 किलोग्राम एचसीएल शामिल है। जबकि अत्याधुनिकउपकरण भी जब्त किये गये. सूत्रोंकेमुताबिक, दवा तैयार करने के लिए कच्चेमालको ड्रग फैक्ट्री कहा जाता था।

सूत्रों के मुताबिक, गुजरात एटीएस के अधिकारी देशभर में एमडी और अन्य ड्रग्स के कारोबार में शामिल आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहे थे. जिसमें जानकारी मिली कि सान्याल बाने जेलसे भागने के बाद संदिग्ध हरकतें कर रहा है और पिछले सात महीने से मध्य प्रदेश में है.

# वडोदरा में साइट शुरू करने वाले मुंबई के बिल्डर के साथ धोखाधड़ी

वडोदरा,6अक्टूबर

परेशभाई शिवलाल धाराफणी, मुंबई ईस्ट दहिसर मां संकुर्सी बिल्डिंग में रहते हैं, गोविंदभाई वलजीभाई पटेल ( 2 ) केशुभाई वालजीभाई पटेल ( 3 ) रामजीभाई वालजीभाई पटेल ( 4 ) जीतेंद्र करसनभाई पटेल और ( 5 ) महेश करसनभाई पटेल कपूराई में आयुर्वेद देसाई रोड अशोक कॉलोनी, वडोदरा में रहते हैं। थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि आरोपी दंतेश्वर में 4148 वर्ग मीटर गैर खेती योग्य जमीन के मालिक हैं, जिस पर स्वास्तिक पार्टी का प्लॉट है.

इस संपत्ति को आरोपियों से 25.80 करोड़ में खरीदने के लिए 26 जनवरी 2021 को 31 लाख का टोकन दिया गया और उन्होंने इसका एक्सेस इंद्रवदन मनसुखलाल अंबानी, जो पार्टनर और मैनेजर हैं, को13के निर्माण के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी दी है। -इस भूमि पर मंजिला वाणिज्यिक सह आवासीय भवन का निर्माण हमने भूमि मालिकों के विश्वास और विश्वास के साथ शुरू किया है, लेकिन भूमिमालिकों के रूप में हमसे 5.41 करोड़ की जमीन ली गई है, लेकिन दस्तावेज और विकास अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है। हमने एग्रीमेंट कीशर्तों का पालन नहीं किया और जमीन की पूरी रकम एक साथ मांगलीऔरअपना काम बंद कर दिया और जो निर्माण हमने किया था उसे तोड़ दिया और ऑफिस में साइड में रखा फर्नीचर भी तोड़ दिया.

# फिर एक बार शर्मसार हुआ शिक्षा का धाम, स्कूल के आचार्य पर लगे बच्चियों से छेड़छाड़ के आरोप

सूरत ( ईएमएस ) दाहोद जिले की 6 साल की छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश और उसकी हत्या की घटना लोग अभी भूले नहीं थे कि दक्षिण गुजरात से शिक्षा को शर्मसार करने वाली एक और घटना सामने आ गई हैं सूरत जिले की मांडवी तहसील के नरेण गांव स्थित दक्षिण गुजरात पिछड़ा वर्ग सेवा मंडल संचालित आश्रम शाला के आचार्य पर मासूम बच्चियों के साथ शारीरिक छेड़छाड़ का आरोप लगा हैं घटना सामने आने के बाद आदिजाति विभाग और पुलिस हरकत में आ गई और पीड़ित बच्चों के परिजनों की शिकायत के आधार पर आश्रम शाला के आचार्य के खिलाफ एट्रोसिटी और पोक्सो के तहतकेसदर्ज कर मामले की जांच शुरू की हैं घटना को लेकर आदिवासी समाज में रोष व्याप्त हैं जानकारी के मुताबिक सूरत जिले की मांडवी तहसील के नरेण गांव स्थित आश्रम स्कूल में 24सालसेशिक्षकऔर11साल से प्रिंसिपल पद पर कार्यरत योगेश पटेल पर गंभीरआरोप लगे हैं एक नहीं बल्कि आश्रमस्कूल की कई छात्राएं आगे आई हैं और आचार्य की कारस्तानी को उजागर करहड़कंपमचा दिया हैं इस घटना को लेकरआदिवासी समाज में गहरी प्रतिक्रिया देखीजारही हैं आदिवासी विभाग के अधिकारियों ने आश्रम शाला का दौरा कर गृह माता और बच्चों से स्थिति की जानकारी लीं इस पूरे मामले में पीड़ित बच्चियों के परिवार शिकायत लेकर मांडवी पुलिस स्टेशन पहुंचें शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी आचार्य योगेश पटेल को तुरंत हिरासत में लिया और देर रात तक पूछताछ की गईं पूछताछ के अंत में मांडवी पुलिस ने एट्रोसिटी एक्ट और पोस्को के तहत मामला दर्ज किया और प्रिंसिपल के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई हैं

# विकास यात्रा के 23 वर्ष पूरे होने पर 7 से 15 अक्टूबर तक विकास सप्ताह मनाया जाएगा

गांधीनगर,6 अक्टूबर

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले की घोषणा करते हुए प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेष पटेल ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की राजनीति का एक नया अध्याय रचा गया है.7अक्टूबर2024 को उनके मार्गदर्शन में राज्य की अजेय विकास यात्रा के 23 सफल वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही,7अक्टूबर 2001को नरेंद्र मोदी के राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से संकल्प सिद्धि के23वर्षोंकीगाथाको जनता के सामने लाने के लिए हर साल7अक्टूबर से 15अक्टूबर तक विकास सप्ताह मनाया जाएगा.इस विकास सप्ताह के दौरान पूरे प्रदेश में जनभागीदारी से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे

प्रवक्ता मंत्री ने कहा कि इस वर्ष विकास सप्ताह के दौरान राज्य भर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. इसके अलावा, नागरिक नरेंद्र मोदी की सुशासन पहल और सामाजिक जीवन पर उनके प्रभाव पर अपने अनुभव सोशल और डिजिटल मीडिया पर हैशटैग 'विकास सप्ताह' के साथ साझा कर सकेंगे। नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 23 वर्षों के सुशासन के दौरान विकास कार्यों के लिए प्रसिद्ध विभिन्न जिलों-शहरों के लगभग 23 प्रतिष्ठित स्थानों पर विकास पदयात्रा के माध्यम से लोगों को राज्य के विकास में नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण योगदान से परिचित कराया जाएगा। .

इस संदर्भ में, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस तरह की विकास पदयात्रा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, साबरमती रिवरफ्रंट, सूरत डायमंड बर्स, नदाबेट, पावागढ़, श्यामजी कृष्ण वर्मा मेमोरियल, स्मृतिवन, अंबाजी, द्वारका सुदर्शन ब्रिज और पाल धावव के आदिवासी शहीद सहित स्थानों पर आयोजित की जाएगी। शहीद स्मारक।

उन्होंने आगे कहा कि इस विकास सप्ताह के दौरान छात्रों और युवा शक्ति को जोड़ने की बहुआयामी योजनाओं के तहत स्कूलों और कॉलेजों में विकास थीम पर आधारित निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, विकास में लोगों की भागीदारी के लिए भारत विकास प्रतिज्ञा भी ली जाएगी।

राज्य के प्रसिद्ध सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर वॉल पेंटिंग विभिन्न क्षेत्रों में 23 वर्षों की विकास यात्रा का अवलोकन प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा राज्य के महत्वपूर्ण विकास स्थलों की साज-सज्जा और लाइटिंग भी की जायेगी. इसके अलावा इस वर्ष विकास सप्ताह के दौरान पूरे प्रदेश में 3500 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं लोकार्पण भी किया जायेगा.

उन्होंने विकास सप्ताह के बारे में आगे कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के थीम आधारित दिवस भी मनाये जायेंगे. इसमें युवा सशक्तिकरण दिवस, सुशासन दिवस, उद्यमिता दिवस और पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया जाएगा। नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने गुजरात और गुजरातियों को उस स्थिति को अवसरों में बदलने की क्षमता से सींचा है जो कभी अपर्याप्त बिजली, पानी की भारी कमी, पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, लड़कियों की शिक्षा के निम्न स्तर थे।

# डीजे और भारी ध्वनि के बीच एक पारंपरिक गरबा का संयोजन

सूरत,6 अक्टूबर

सूरत समेत पूरे भारत में नवरात्रि मनाई जा रही है और लोग अलग-अलग तरीके से माताजी की पूजा कर रहे हैं. सूरत में कुछ जगहों पर डीजे और तेज आवाज के बीच प्राचीन गरबा की परंपरा देखी जा रही है। सूरत के बाहरी इलाके कोसाड गांव में आज भी बड़े-बुजुर्ग माइक पर गरबा गा रहे हैं और युवा-बूढ़े सभी इस गरबे में घूम रहे हैं. इस जगह पर 90 साल से भी अधिक समय से पारंपरिक गरबा का आयोजन होता आ रहा है और युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी इस परंपरा को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

सूरत समेत देश-दुनिया में इस समयनवरात्रिचलरही है, लोग नवरात्रि के दौरान अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग अंदाज में गरबे धूमी माताजी की पूजा कर रहे हैं। हालाँकि, महानगर की ओर बढ़ रहे सूरत के बाहरी इलाके कोसाड गांव मोती पल्ली क्षेत्र में पारंपरिक गरबा का अस्तित्व आज भी देखा जाता है। मोती पल्ली में 90 वर्षों से भी अधिक समय से पारंपरिक गरबा को कायम रखने का काम मोती पल्ली युवक मंडल द्वारा किया जाता रहा है।

बड़ी पल्ली युवा मंडल द्वारा नवरात्रि में गरबा का आयोजन अन्य समाजों से कुछ अलग है। इस पालिया के बुजुर्ग लोग आज भी मुख से माताजी का गरबा गाकर माताजी की पूजा करते हैं। आज भी यहां किसी आर्केस्ट्रा या साउंड सिस्टम का प्रयोग नहीं होता, बल्कि दो ताली से लेकर पांच ताली तक वादक गरबा पर थिरकते रहते हैं। माइक पर मुंह लगाकर गरबा गाने की परंपरा नौ दशकों से चली आ रही है. आज भी गांव के बुजुर्ग कमुबेन पटेल, चंपाबेन, निताबेन, वर्षाबेन, उर्मिलाबेन घूम-घूमकर माइक पर गरबा गाते हैं. आज के युवाओं के लिए यह आश्चर्य की बात है कि सूरत कोसाड बड़ी पाली जैसे शहर के कुछ इलाकों में इस तरह से गरबा खेला जाता है। इस तरह से गरबा खेला जाता है और खिलाड़ियों की तालियों से भी माहौल में एक अनोखा माहौल बन जाता है.

कोसाड गांव में बुजुर्ग लोग माइक पर गरबा गाकर एक घंटे तक गरबा खेलते हैं और उसके बाद युवाओं के मनोरंजन के लिए बाकी समय दोधिया और ददिया जैसे स्टालों पर गरबा खेला जाता है। इससे गरबा की परंपरा भी कायम रहती है और युवाओं को आधुनिक गरबा का आनंद भी मिलता है.

सूरत के कोसाड गांव में 90 साल से भी ज्यादा समय से मौखिक रूप से गाए जाने वाले गरबा गरबा की परंपरा बरकरार देखी जा रही है. गांव के बुजुर्गों के साथ-साथ आज की नई पीढ़ी भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है. पारंपरिक गरबा में डीजे और बड़े-बड़े भारी साउंड वाले बोलबालाओं के बीच टकराव देखने को मिलता है और अब नई पीढ़ी भी इस परंपरा के लिए तैयार हो रही है.

पहले एक घंटे में, दसियों गरबा बुजुर्ग माइक्रोफोन पकड़ लेते हैं। इस गरबा में किसी म्यूजिक सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जाता है लेकिन चूंकि लोग ज्यादा होते हैं इसलिए उन तक पहुंचने के लिए माइक्रोफोन का इस्तेमाल किया जा रहा है. आज के आधुनिक युग में भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन गरबा का महत्व बरकरार है, जहां माताजी की भक्ति के रूप में गरबा गाया जाता है, गांव के बुजुर्ग बिना किसी संगीत के मुंह से गरबा गाते हैं। माइक पर थिरकते बुजुर्गों के साथ अल्पा पटेल, ध्वनि पटेल और अमित पटेल जैसी नई पीढ़ी भी तैयार होने में जुट गई है। ये लोग फिलहाल बुजुर्गों के साथ गरबा कर रहे हैं और कुछ गरबा भी गा रहे हैं. माइक पर बिना म्यूजिक के गरबा गाने की परंपरा को आगेबढ़ानेके लिए यह पीढ़ी कमर कस रही है और आने वाले दिनों में नई पीढ़ी भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है.

## जामनगर में पारंपरिक स्वास्तिक रास ने खींचा ध्यान

जामनगर, 6 अक्टूबर

गुजरात में नवरात्रि हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है. जिसमें राज्य के कई शहरों और गांवों में पारंपरिक गरबा और रास का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें जामनगर में पारंपरिक रूप से मनाया जाने वाला स्वास्तिक रास एक और आकर्षण है। जामनगर में नवरात्रि उत्सव के दौरान लोग स्वस्तिक रास करते नजर आए.

इस रस में गरबी मंडल के स्थान पर स्वस्तिक बनाया जाता था। साथ ही इसके चारों ओर अंगारे भी रखे गए थे. पूरे इलाके में लाइटें बंद कर दी गईं. इसके बाद स्वस्तिक ज्योति जलाई गई। स्वस्तिक की चमकती लौ के बीच लोगों ने रास रचाया और माताजी की पूजा की। इस रास के समय जामनगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे और उन्होंने स्वस्तिक रास को देखा।

गौरतलब है कि स्वस्तिक एक शक्तिशाली प्रतीक है जिसे हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण माना जाता है।

# वंदे भारत गाड़ियों और अमृत स्टेशनों से बन रहा है देश में रेलवे का नया स्वरूप - रेल मंत्री

अहमदाबाद ( ईएमएस ) केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्य प्रदेश के जौरा अलापुर और कैलारस स्टेशन के मध्य आमान परिवर्तन के उपरांत नवनिर्मित रेलखंड का लोकार्पण एवं आमान परिवर्तित रेल खंड पर तीन नई गाड़ियों की विस्तारित सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस उद्घाटन समारोह का आयोजन मध्य प्रदेश के जौरा अलापुर रेलवे स्टेशन पर किया गया। इस समारोह में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुरैना के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर मौजूद थे।

समारोह स्थल पर उपस्थित जन समुदाय को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे गरीबों की सवारी है और मिडिल क्लास की सवारी है। आम जन को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए 12,500 जनरल एवं स्लीपर कोच के निर्माण का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस, नमो भारत रैपिड रेल और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के माध्यम से भारतीय रेल को नया स्वरूप देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2004 से 14 वाली अवधि में मध्य प्रदेश में रेल के विकास के लिए औसतन 632 करोड रुपए का प्रावधान किया जाता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस साल के बजट में 14,700 करोड रुपए का प्रावधान मध्य प्रदेश में रेल के विकास के लिए किया गया है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल को आम आदमी के लिए सुविधायक्त और आरामदायक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रेल प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उत्तर मध्य रेलवे भी इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर चंबल क्षेत्र रेलवे की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। यह देश के चारों महानगरों सहित देश के सभी हिस्सों में ट्रेन सेवाओं के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। हम इस जुड़ाव को और पुख्ता कार्य करने के लिए प्रयासरत हैं। हमारे इन प्रयासों को केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया, विधान सभा अध्यक्ष मध्य प्रदेश नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर का सहयोग सदैव से ही मिलता रहता है। उन्होने कहा कि भारत के रेल मानचित्र में मध्य प्रदेश राज्य की केंद्रीय भूमिका है। राज्य ने अपने रेल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है, जो इस क्षेत्र में बढ़ते निवेश की राष्ट्रीय प्रवृत्ति को दर्शाता है। मध्य प्रदेश राज्य में पिछले 10 वर्षों में 222 किलोमीटर की नई रेल लाइन परियोजनाएं, 1200 किलोमीटर की मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं और 707 किलोमीटर की गेज परिवर्तन परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। मध्य प्रदेश में कनेक्टिविटी में सुधार करने के साथ ही आपदा प्रबंधन और परियोजना निगरानी के लिए ड्रोन और जीपीएस ट्रैकर्स का इस्तेमाल कर सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। यह काम भारत में पहली बार किया गया है। यात्री सेवाएं देने के साथ ही ग्वालियर और खजुराहो स्टेशन का पुनर्विकास भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री ने बताया कि ग्वालियर-श्योपुरकला ( 188 के ) आमान परिवर्तन प्रोजेक्ट, रु.2355/- करोड़ की लागत से तैयार होने जा रहा है, जिसमें अब तक कुल 61 किलोमीटर ट्रैक का कार्य संपन्न हो चुका है, शेष कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसको जल्द से जल्द पूर्ण कर क्षेत्र की जनता को यह उच्चीकृत सेवा उपलब्ध होगी ध इस नए 13 किलोमीटर के खंड का निर्माण रु 163 करोड़ से हुआ है। इस परियोजना के तहत पूरे श्योपुरकलाँ तहत आमान परिवर्तन का कार्य अगले वर्ष जुलाई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ रेल मंत्री ने उम्मीद व्यक्त कि इस परियोजना के शुरुआत से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले का सामाजिक-आर्थिक विकास, क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने मे सहायता होगी साथ ही माल के परिवहन की लागत कम होगी और रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि और माल के परिवहन में आसानी से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस लाइन को जल्द ही कोटा तक विस्तारित किया जायेगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज जौरा को एक ऐसा सौगात मिल रही है, जिसका सपना इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से देख रहे थे। रेलवे में क्रांति लाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर में भी लगातार विकास कर रही है। पूर्वोत्तर के 6 राज्यों में रेलवे लाइन बिछाई जा चुकी है। आज इस आमान परिवर्तन से मध्य प्रदेश के विकास एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। अब हम इस रेल लाइन के कोटा तक विस्तारित होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं।

## आरपीएफ वडोदरा की महत्वपूर्ण उपलब्धि

# नडियाद- मोडासा रेलखंड पर ओएचई वायर के चोरों को पकड़ने में मिली सफलता

पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के रेल सुरक्षा बल द्वारा नडियाद-मोडासा रेलखंड पर ओवर हेड बिजली वायरो के चोरों को पकड़कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री धर्मराज राम ने बताया कि रेल सुरक्षा बल मंडल के नडियाद- मोडासा रेलखंड पर ओएचई वायरों की चोरी के अपराध में कड़ी मेहनत, गहरी खोजबीन लगातार मॉनिटरिंग और विश्वशनीय सूत्रो से मिली सूचना के आधार पर राजस्थान के शेकारी वास, बंजारा गाँव से चोरी के आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी जिसमें ( 1 ) इरशाद अली पुत्र नौशाद अली चौधरी, ( उम्र-30 वर्ष ) निवासी वडोदरा ( 2 ) सुनील पुत्र बदामी लाल बंजारा, ( उम्र-24 वर्ष ) निवासी वडोदरा को पकड़ा लम्बी पूछताछ के बाद अपना गुनाह स्वीकार किया और बताया कि उन्होने वडोदरा शहर के वाघोड़िया चोकड़ी स्थित भंगार की दुकान के मालिक गोविंद राम को बेचा है, संदिग्ध आरोपियों द्वारा बतायी गयी निशानदेही के आधार पर आरपीएफ स्टाफ द्वारा बताये गए स्थल पर दोनों आरोपी को साथ लेकर बताए अनुसार भंगार की दुकान जाँच करने गए नाम पूछने पर अपना नाम गोविन्द राम सुपुत्र भाखरराम देवासी, ( उम्र-35 वर्ष )बताया, भंगार मालिक द्वारा आरोपी इरशाद से कॉपर वायर चार पांच बार मे करीबन 1100ख्ड खरीदना स्वीकार किया गया तथा वह रेलवे का कॉपर वायर चोरी का है उसे इसकी जानकारी थी तथा कॉपर वायर भंगार की दुकान मे पाया गया। भारतीय रेल अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी किए गए संपूर्ण वायर की भी बरामदगी की गई है।

**पश्चिम रेलवे - वड़ोदरा मण्डल**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व जन को यह सूचित किया जाता है कि समपार फाटक संख्या 250 (किमी 420/12-14) जो कि अडास रोड स्टेशन पर स्थित है, रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के लिए सड़क यातायात/परिवहन को दिनांक 13.10.2024 से बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दौरान यात्रीगण निम्नलिखित वैकल्पिक मार्गों के द्वारा यातायात कर सकते हैं। (1) अडास से आनंद की तरफ जाने वाले वाहन फाटक संख्या 249 अंडरपास से जा सकेंगे। (2) अडास से वडोदरा की तरफ जाने वाले वाहन फाटक संख्या 249 अंडरपास से होते हुए नेशनल हाईवे के व्हीकल अंडरपास, जो की अडास स्टेशन रोड के सामने है, से जा सकेंगे। (3) वडोदरा की तरफ से अडास जाने वाले वाहन फाटक संख्या 249 अंडरपास से जा सकेंगे। (4) आनंद की तरफ से आने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर स्थित व्हीकल अंडरपास से होकर फाटक 249 अंडरपास से जा सकेंगे। आपसे यह अपील की जाती है कि इस कार्य में रेलवे को सहयोग करे एवं संरक्षा नियमों का पालन करें। फाटक को जबरदस्ती खोलने का प्रयत्न न करें एवं रेलवे संपत्ति को हानि पहुंचाने का प्रयास न करें। आपको हुई असुविधा के लिए खेद है।
192

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - वड़ोदरा मण्डल**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व जन को यह सूचित किया जाता है कि समपार फाटक संख्या 255 (किमी 424/34-425/2) जो कि वडोद स्टेशन पर स्थित है, रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के लिए सड़क यातायात/परिवहन को दिनांक 13.10.2024 से बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दौरान यात्रीगण निम्नलिखित वैकल्पिक मार्गों के द्वारा यातायात कर सकते हैं। (1) वडोद से आनंद की तरफ जाने वाले वाहन फाटक संख्या 254 अंडरपास एवं फाटक संख्या 257 से जा सकेंगे। (2) वडोद से वडोदरा की तरफ जाने वाले वाहन फाटक संख्या 254 अंडरपास से होते हुए नेशनल हाईवे के व्हीकल अंडरपास से जा सकेंगे। (3) वडोदरा की तरफ से वडोद जाने वाले वाहन फाटक संख्या 254 अंडरपास व फाटक संख्या 257 से जा सकेंगे। (4) आनंद की तरफ से आने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर स्थित व्हीकल अंडरपास से होकर फाटक 254 अंडरपास से या वडोद पर स्थित नेशनल हाईवे व्हीकल अंडरपास से होकर फाटक संख्या 257 से जा सकेंगे। आपसे यह अपील की जाती है कि इस कार्य में रेलवे को सहयोग करे एवं संरक्षा नियमों का पालन करें। फाटक को जबरदस्ती खोलने का प्रयत्न न करें एवं रेलवे संपत्ति को हानि पहुंचाने का प्रयास न करें। आपको हुई असुविधा के लिए खेद है।
193

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

मालिक, मुद्रक-प्रकाशक व सम्पादक : लक्ष्मीचन्द जी. अग्रवाल द्वारा ब्रिजाशा ऑफसेट, सरसपुर, अहमदाबाद में मुद्रित करवाकर, स्वेतप्रित बिल्डिंग, खासवाड़ी, बहुचराजी रोड़, वड़ोदरा से प्रकाशित किया। प्रातःकालीन E-mail: janhitaishi@yahoo.co.in Mob.9375504122 R.N.I. 64278/96